हरिभूमि
रायपुर भूमि



बंजारी वाले बाबा चौक

## कहीं झमाझम बारिश तो कहीं सिर्फ बूंदाबांदी

- मोतीबाग में बंजारी बाबा मजार चौक लबालब, सड़क डूबी सत्ती बाजार सदरबाजार पानी-पानी
- दानी स्कूल कैंपस में घुटनाभर पानी छात्राओं को विद्यालय जाने में दिक्कत
- पुजारी पार्क बैरनबाजार, टैगोर नगर, संगवारी विश्रामगृह में जलभराव

केनाल लिंक रोड पर ट्रैफिक जाम, एंबुलेंस फंसी, गाड़ियों की लाइन

# अवंति विहार, तेलीबांधा, मोवा, लभांडी, सड्डू, दलदल सिवनी में बूंदाबांदी

# बूढ़ापारा, टिकरापारा, संतोषीनगर, डगनिया, टाटीबंध में जमकर बारिश



टैगोर नगर



कोतवाली चौक



केनाल लिंक रोड के जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लाइव

राजधानी सहित शहर के आउटर इलाकों में अलग-अलग नजारा सुबह बारिश को लेकर देखने को मिला। कहीं जोरदार बारिश से सड़कें लबालब रहीं, कहीं नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क से होकर गलियों तक जा घुसा। स्कूल, दफ्तर, मुख्य मार्ग में आने-जाने में लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं कुछ इलाकों में सिर्फ बूंदाबादी तक सिमट गई। अवंतिविहार, तेलीबांधा, मोवा, दलदल सिवनी, सड्डू, कांपा ब्रिज वाले इलाकों में जहां बूंदाबादी देखने को मिली, वहीं शहर के डगनिया,सुंदरनगर, लाखे नगर, आमापारा, पुरानी बस्ती, बूढ़ापारा, मोतीबाग चौक, सत्ती बाजार, सदरबाजार, पचपेड़ी नाका, भाठागांव, बैरनबाजार, टैगोरनगर में तेज बारिश से सड़कों में लबालब पानी भर गया। बारिश के कारण जहां केनाल लिंक रोड पर गाड़ियों की लाइन लग गयी, वहीं ट्रैफिक जाम होने से एंबुलेंस वाहन कुछ देर के लिए फंसा रहा। विधायक विश्राम गृह संगवारी के मुख्य द्वार से लेकर कैंटिन तक पानी भर गया। ⏭ शेष पेज 11 पर



### पेंशन बाड़ा में बोर्ड आफिस के सामने जलभराव

शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित पेंशनबाड़ा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय के सामने जलभराव से लोग परेशान रहे। एंट्री पाइंट पर भी घुटना भर गंदा पानी भर जाने से आवाजाही प्रभावित रही। दयानगर स्थित डाकघर के सामने लबालब पानी भरने से रहवासियों को दिक्कत हुई। इसी तरह पुजारी पार्क के सामने, देवी लक्ष्मी हास्पिटल एरिया वाली सड़क पर जलभराव की समस्या रही।

**राजेन्द्र नगर लबालब, तालाब सा नजारा, संगवारी विश्रामगृह में घुसा गंदा पानी :** नगर निगम जोन 10 क्षेत्र स्थित राजेन्द्र नगर इलाके में तेज बारिश होने से सड़कें लबालब भरने की स्थिति निर्मित हुई। तालाब सा नजारा इस दौरान देखने को मिला। वहीं विधायक विश्रामगृह संगवारी की हालत ये रही कि सड़क से होकर बंगले में मुख्य द्वार तक पानी भरा रहा। विश्राम गृह की कैंटीन में बारिश का गंदा पानी घुसने से परेशानी हुई। हालांकि इस विश्रामगृह में गिने चुने विधायक ही रहते हैं, लेकिन जलभराव से यह क्षेत्र अछूता नहीं है। स्पॉट की 24 घंटे निगरानी ⏭ शेष पेज 11 पर

- उमसभरी गर्मी से राजधानी के ऊपर एकत्र हुए बादल जमकर बरस पड़े



## घंटेभर की मूसलाधार बारिश में आधा शहर डूबा कई इलाकों में रहा सूखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उमसभरी गर्मी के बाद राजधानी के ऊपर एकत्रित हुए बादल मंगलवार सुबह घंटेभर तक मूसलाधार रूप में बरस पड़े। बरसात इतनी तेज थी कि घंटेभर में शहर के भीतर पांच सेमी. से ज्यादा बारिश हो गई। अजीब बात यह रही कि तेज वर्षा से शहर का बड़ा इलाका पानी में डूबा रहा और कई हिस्से में सूखे की स्थिति रही। रायपुर की तरह मौसम के दो रंग भिलाई में भी दिखाई पड़ा।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी बारिश के लायक कोई बड़ा सिस्टम नहीं है। वातावरण में मौजूद नमी और गर्मी की वजह बादलों बनकर एक स्थान में एकत्रित होने के बाद बरस भी रहे हैं। मंगलवार की सुबह रायपुर और भिलाई में ऐसी की स्थिति बनी और जमकर खंडवर्षा हुई। छाए बादल गरजने के बाद काफी देर तक बरसते रहे है जिससे राजधानी प्रमुख इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। शहर की नालियां ओवरफ्लो होने की वजह से कई मोहल्ले में बारिश के पानी में डूब गए। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार शहर में घंटेभर में पांच सेमी. से ज्यादा बारिश हुई। लालपुर में आंकड़ा 3 सेमी. तक पहुंचा और माना इलाके में बूंदाबांदी से अधिक प्रभाव नहीं हुआ। अनुमान है कि गुरुवार से प्रदेश में बारिश की मात्रा और दायरा बढ़ सकता है। इसके लिए छत्तीसगढ़ समेत देश के विभिन्न हिस्सों सिस्टम बना हुआ है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिले संभावित है। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के भनपुरी में 13, बकावंड में 6, जगदलपुर, मरदापाल और सुकमा में 5 सेमी. बारिश दर्ज हुई है।

### सत्तीबाजार, सदर, लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने पानी भरा

सत्तीबाजार चौक से लेकर सदर बाजार में नालियों का गंदा पानी ओवर फ्लों होकर सड़क पर बहने से लोग परेशान रहे। दुकानदार अपने दुकानों के सामने भरे गंदे पानी को निकालने जुटे रहे। वहीं बारिश से बचने रैनकोट पहनकर निकले दोपहिया चालक चार पहिया वाहनों के छीटों से बचते-बचाते निकलते नजर आये। इस बीच सत्ती बाजार मार्ग से स्कूल जा रही छात्रा की स्कूटी रास्ते में बंद हो गई। बारिश में भीगते हुए अपनी स्कूटी को बंद हालत में खींचते हुए ले जाना पड़ा। इधर लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने नाली का गंदा पानी भरने से राहगीरों को दिक्कत हुई।



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

### खबर संक्षेप

#### मंदिर की दानपेटी से नकदी रकम चोरी

**रायपुर।** सुंदरेश्वर महादेव मंदिर की दानपेटी से चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट पर डीडीनगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी हेमंत राव कामड़े निवासी सुंदर विहार कॉलोनी रायपुरा ने थाने में शिकायत की है कि उसके घर के पास स्थित सुंदरेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य गेट पर रात के समय ताला लगा हुआ था, जिसे तोड़कर अज्ञात चोर दानपेटी से 8 हजार रुपए चोरी कर ले गया।

कॉस्मेटिक उत्पाद जांच के दायरे में

# साबुन, तेल, शैम्पू, फेयरनेस क्रीम पावडर, हेयर डाई के लिए गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

विभिन्न दावों के साथ बाजार में बिकने वाले कॉस्मेटिक उत्पाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच के दायरे में आ गए हैं। प्रदेशभर के 170 विभिन्न संस्थानों में छापेमारी कर साबुन, हेयर ऑयल, फेयरनेस क्रीम, फेस पावडर, हेयर डाई जैसे 48 उत्पादों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जांच के दौरान अगर सामान अमानक पाए जाते हैं, तो संस्थान के संचालकों के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

दावों के बीच सौंदर्य प्रसाधन के नकली होने का संदेह भी है, इस आधार पर एफडीए की टीम को कॉस्मेटिक सामग्री की बिक्री करने वाले संस्थानों को जांच दायरे में लाने के निर्देश दिए गए थे। इस आधार पर ⏭ शेष पेज 11 पर



### दवा दुकानों पर भी एक्शन

विभागीय टीम ने कॉस्मेटिक के अलावा विभिन्न दवा दुकानों में जाकर जांच की, इस दौरान रायगढ़ के रोज लाइफ पुरानी हटरी में भी बिना लाइसेंस बिक रही औषधियों पर कार्रवाई की गई। भटगांव में धनेश्वर देवांगन के क्लिनिक से एलोपैथिक दवाएं जब्त कर कानूनी कार्रवाई की गई। मुंगेली के प्रकाश मेडिकल एजेंसीज में आयुर्वेदिक दवाओं में एलोपैथिक दवाओं की मिलावट की आशंका के आधार पर टेबलेट का नमूना लेकर शेष स्टॉक रोका गया। कबीरधाम जिले में शिव हर्बल एजेंसीज एवं विश्वमात्र आयुर्वेदिक चिकित्सालय से भी नमूना संग्रहण किया गया। जांजगीर-चांपा जिले के महेश मेडिकल, सुभाष मेडिकल, अशोक मेडिकल, अरविन्द मेडिकल, आरके मेडिकल, अनिल मेडिकल, सोंकेसरिया मेडिकल, कृष्णा मेडिकल आदि में नारकोटिक दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड में अनियमितताएं मिली, जिस पर आवश्यक कार्रवाई की गई।

### यहां हुई कार्रवाई

- रायपुर- मालवीय रोड के आधा दर्जन से अधिक सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों में जाकर जांच, स्टाइल कॉस्मेटिक शॉप लिया गया सैंपल।
- बिलासपुर- तेलीपारा के मेसर्स आकाश बैंगल्स एंड कास्मेटिक में बिना लाइसेंस औषधियों का संधारण, 30 हजार की दवा जब्त, तेलीपारा एवं व्यापार विहार की कास्मेटिक दुकानों से 5 सैंपल।
- बेमेतरा- शिवम जनरल स्टोर एवं मेहनलाल मांगीलाल राठी किराना दुकान में कास्मेटिक उत्पादों के बिल प्रस्तुत न कर पाने पर उत्पादों को फॉर्म-15 में दर्ज कर बिक्री पर रोक।

## कॅरियर के अनुसार दोनों में से एक विकल्प चुन सकेंगे छात्र

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत किया गया बदलाव, दसवीं में पहले से ही यह व्यवस्था

# गणित की तरह अन्य विषयों के भी दो पर्चे इनमें एक सरल और एक होगा कठिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 9वीं और 10वीं में साइंस और सोशल साइंस में छात्रों को बेसिक और एडवांस का विकल्प देने का फैसला कुछ दिनों पूर्व किया था। अब सीबीएसई इस मॉडल को हायर सेकेंडरी लेवल अर्थात कक्षा 11वीं और 12वीं में भी लागू करने की प्लानिंग बना रहा है, जिसकी शुरुआत कक्षा 11वीं से होगी। सीबीएसई अभी कक्षा 10वीं में गणित का विकल्प दो लेवल पर देता है- स्टैंडर्ड और बेसिक। बेसिक लेवल की परीक्षा स्टैंडर्ड लेवल से आसान होती है, लेकिन दोनों लेवल के पेपर एक ही सिलेबस पर बेस्ड होते हैं।

पिछले साल दिसंबर में सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी ने इस मॉडल से कक्षा 9वीं और 10वीं में विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में भी लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इससे 2026-27 एकेडमिक ईयर से कक्षा 9वीं से शुरू होकर इन तीनों सब्जेक्ट को बेसिक और एडवांस फॉर्मेट में पेश करने का रास्ता खुल गया है। ⏭ शेष पेज 11 पर




### नई किताबें तय करेंगी समय

नए मॉडल को कब लागू किया जाएगा, इसे लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एनसीईआरटी की नई किताबें जारी होने के बाद यह मॉडल लाया जाएगा। नए पाठ्यक्रम और सिलेबस पर निर्भर करेगा और वे दो लेवल पर सीखने को कैसे समायोजित करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद से लेकर अब तक कक्षा ⏭ शेष पेज 11 पर

### ... तो सामान्य अध्ययन करेंगे छात्र

एनसीईआरटी के अनुसार, किताब निर्माण के लिए कमेटी गठित की गई है। कक्षा 9 और 11 के लिए किताबें इस साल के आखिर तक तैयार होने की उम्मीद है। किसी भी विषय को दो लेवल पर पेश करने का फैसला एनईपी के मुताबिक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार, सभी विषय दो लेवल पर पेश किए जा सकते हैं, जिसमें छात्र अपने कुछ सब्जेक्ट स्टैंडर्ड लेवल पर और कुछ हायर स्तर पर करेंगे। इंजीनियरिंग, ⏭ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर




कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रॉ में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अख़बार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

## खबर संक्षेप

### विकास ने किकबॉक्सिंग में जीता कांस्य पदक

**अभनपुर।** नवा रायपुर निवासी विकास कुमार द्विवेदी ने रायपुर में



आयोजित राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। विकास एमबी कराटे एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जहां कोच आर्यन सिंह द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बच्चों को मार्शल आर्ट और किकबॉक्सिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री द्विवेदी की इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों, खेल प्रेमियों और प्रशिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### शिक्षकों की कमी से गुखेरा स्कूल की पढ़ाई ठप

**आरंग।** सोमवार को ग्राम पंचायत गुखेरा संकुल खमतराई के सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम सोनवानी ने विधायक एवं जिला शिक्षा अधिकारी से पत्र के माध्यम से मुलाकात कर प्राथमिक स्कूल में शिक्षकों की कमी पर ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही उन्होंने अवगत कराया की पति एवं पत्नी एक ही स्थान पर अपनी सेवा दे रहे थे पर पत्नी शिक्षिका नीता कन्नौजे को अतिशेष बता स्कूल से हटा दिया गया। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी की अन्य पंचायत में दर्ज संख्या कम होने की बावजूद अतिशेष नहीं लिया गया है और गुखेरा में वर्तमान में दर्ज संख्या 87 है तथा आगे और भी बढ़ेगी अतः शिक्षिका को अतिशेष के रूप में ले जाना विद्यालय के लिए चिंताजनक है। जिससे निश्चित ही पढ़ाई प्रभावित होगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया तथा जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर ने भी संज्ञान में लेने की बात कही। इस अवसर पर पंच सनत बघेल की भी उपस्थिति रही।

### प्रदेश के कलाकारों को 11 करोड़ के लंबित पारिश्रमिक का इंतज़ार

**अभनपुर।** फ़तीश लोक सांस्कृतिक एवं जन सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष



फ़तीश साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से प्रदेश के लगभग 6 हजार कलाकारों के लंबित 11 करोड़ के पारिश्रमिक को शीघ्र जारी करने की मांग की है। यह राशि वर्ष 2023-24 और 2024-25 से लंबित है। श्री साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने जनवरी 2025 में भुगतान प्रक्रिया शुरू होने की बात कही थी, लेकिन मार्च 2025 तक भी कलाकारों को राशि नहीं मिली। वहीं, हाल ही में बाहर से बुलाए गए कलाकारों का भुगतान तुरंत कर दिया गया।

### निधन

### समारू लाल साहू

**आरंग।** ग्राम भानसोज के प्रगतिशील किसान समारू लाल



साहू का सोमवार को निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। वे भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष अशोक साहू, विनोद साहू, किशोर साहू के पिता व भूपेश साहू पूर्व अध्यक्ष भाजयुमो मंदिरहसौद आशीष व धनंजय साहू के दादा थे।

## विरोध : यातायात ठप, एम्बुलेंस फंसी रही, भीषण गर्मी में यात्री हुए परेशान

# कांग्रेसियों ने आर्थिक नाकेबंदी और ईडी के विरोध में एनएच-30 पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा





प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल पर की गई कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरसींवा के एनएच-30 पर दिलबाग होटल साकरा के पास दो घंटे का आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम किया। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चले इस प्रदर्शन ने रायपुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर यातायात को पूरी तरह ठप कर दिया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान कांग्रेस पर आम जनता को /"बंधक/" बनाने का आरोप भी लगा। कांग्रेस के इस चक्काजाम के कारण मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे एक तरह की आर्थिक नाकेबंदी की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रदर्शन के दौरान कई एम्बुलेंस भी ट्रैफिक में फंस गईं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा। यात्री बसों में बैठे लोग और निजी वाहनों से यात्रा कर रहे राहगीर भी इस अचानक हुए चक्काजाम से बेहाल दिखे। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी देरी हुई और उन्हें भीषण उमस व गर्मी में घंटों इंतजार करना पड़ा। इस स्थिति ने कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के औचित्य पर सवाल खड़े कर दिए।

प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों ने ईडी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनुषांगिक संगठन के रूप में काम करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं के खिलाफ ईडी के पास कोई ठोस सबूत नहीं है और यह कार्रवाई केवल उन्हें परेशान करने के उद्देश्य से की जा रही है। ईडी सीबीआई, अडानी भगाओ, राज्य बचाओ के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा, जिससे यह स्पष्ट था कि यह केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं बल्कि राजनीतिक विचारधारा का टकराव था। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।



### कांग्रेस के चक्काजाम पर भाजपा का पलटवार



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के प्रदेशव्यापी चक्काजाम को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखा हमला बोला है। धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन की मंशा पर सवाल उठाए हैं। पद्मश्री अनुज शर्मा ने पत्रकारों के सवालों पर कांग्रेस के चक्काजाम पर सवाल उठाते हुए पूछा कि कांग्रेस के छह बार के आदिवासी विधायक कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर कांग्रेस चुप क्यों रही। उन्होंने कटाक्ष किया कि अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस बौखलाकर प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। अनुज शर्मा ने कांग्रेस के प्रदेशव्यापी बंद को लेकर हमला बोला और कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक स्वतंत्र एजेंसी है जो अपना काम कर रही है।

### भाजपा बौखला गई है, कांग्रेस डरने वाली नहीं

धरसींवा विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेस की पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने भाजपा सरकार और ईडी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। श्रीमती अनिता शर्मा ने इस कार्रवाई को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, /"यह ईडी की कार्रवाई नहीं है, यह भाजपा की बौखलाहट है। भाजपा जानती है कि वह लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस का मुकाबला नहीं कर सकती, इसलिए वह ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने आगे कहा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके परिवार, विशेषकर उनके पुत्र चैतन्य बघेल को जानबूझकर और राजनीतिक विद्वेष के चलते निशाना बनाया जा रहा है। उनके खिलाफ एक भी पुख्ता सबूत नहीं है, यह सब केवल कांग्रेस को कमजोर करने की साजिश है।

### आरंग में कांग्रेस का अडानी राज नहीं चलेगा नारे के साथ चक्काजाम



**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग ने अडानी समूह के विरुद्ध राज्य स्तरीय चक्काजाम का आयोजन किया। इस प्रदर्शन में पार्टी के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने मोर्चा संभाला और सरकार व कॉरपोरेट घरानों के खिलाफ जमकर आवाज उठाई। चक्काजाम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा अडानी समूह को दिए जा रहे कथित अनुचित लाभ और जनहित की अनदेखी के विरोध में जनता को जागरूक करना था। आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित शहर कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, अजा विभाग, एनएसयूआई और पार्टी के समस्त मोर्चा संगठन के लगभग 5000 कार्यकर्ता चक्काजाम हेतु निर्धारित स्थल रसनी टोल प्लाजा पर दोपहर 12 बजे से पहले ही पहुँच गए थे। डॉ. शिव डहरिया के आते ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके साथ सड़कों पर उतरकर विरोध दर्ज कराया।डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि देश की संपत्ति कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों के हाथों सौंपने की साजिश के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, /"सरकार पूंजीपतियों की कठपुतली बन गई है। अडानी समूह को देश के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुचित रूप से बढ़त दिलाने की साजिश रची जा रही है। जो कोई भी जल, जंगल, जमीन का मुद्दा उठा रहा है, उसे ईडी और सीबीआई जैसे सरकारी एजेंसी के माध्यम से आवाज दबाने का काम कर रही है। मगर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और जनहित की लड़ाई सड़कों से लेकर सदन तक लड़ेगी।चक्काजाम के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'अडानी राज नहीं चलेगा', 'देश बेचना बंद करो', 'जनता का हक लौटाओ' जैसे नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कांग्रेस पार्टी ने ऐलान किया है कि अगर सरकार और अडानी समूह के बीच गुप्त सौदों की जांच नहीं कराई गई, तो आगे और बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कोमल सिंह साहू, गोपाल चतुर्वेदी, द्वारिका साहू, हीरामन साहू, सजल चंद्राकर, खिलेश देवांगन, ओमप्रकाश यादव, शुभांशु साहू, भूषण साहू, केसरी साहू, संजय चेलक, वतन चंद्राकर, भारती देवांगन, राजेश्वरी साहू, आजू वंशे, खिलावन निषाद, शरद गुप्ता, सूरज सोनकर, अंजू बघेल, एकता मिश्रा, धन्ना साहू, देवशरण साहू इत्यादि भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### सिलयारी में कांग्रेस का खरोरा पॉइंट पर चक्काजाम

**सिलयारी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित आर्थिक नाकेबंदी, जो पहले विधानसभा पॉइंट पर स्थगित हो गई थी, अब खरोरा पॉइंट पर जारी रही। इस प्रदर्शन में छाया वर्मा, राजेंद्र पप्पू, नारायण कुर्रे, लोकेश साहू, संतोष पाल सहित सैकड़ों कांग्रेसी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी डेलीगेट और धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने बताया कि यह आर्थिक नाकेबंदी केंद्रीय जांच एजेंसियों (जैसे ईडी और सीबीआई) के कथित दुरुपयोग और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे और मुख्य मार्गों पर चक्काजाम कर मालवाहकों की आवाजाही को रोका।

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य के जंगलों की कटाई और अडानी समूह को कोयला खनन के लिए दी गई अनुमति के खिलाफ भी तीव्र विरोध जताया। यह मुद्दा हाल ही में रायपुर विधानसभा के मानसून सत्र (जुलाई 2025) में जोर-शोर से उठाया गया था, जहां नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य कांग्रेस विधायकों ने पेड़ों की कटाई और पेसा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की मांग की थी। बंजारे ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अडानी समूह को फायदा पहुंचाने के लिए जल, जंगल और जमीन की लूट कर रही है, और इसके खिलाफ जनता को लामबंद करने की बात कही। उन्होंने दावा किया कि इसी वजह से सरकार बौखला गई और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के पुत्र चैतन्य बघेल को राजनीतिक इस्तेमाल कर गिरफ्तार किया गया, जिसका विरोध आर्थिक नाकेबंदी कर दर्ज किया गया।

### भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल



**अभनपुर।** केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के इशारे पर ई.डी. द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं पर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में 22 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर अभनपुर विधानसभा स्तरीय आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम रायपुर धमतरी मुख्य मार्ग मोहन ढाबा अभनपुर के पास किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू ने कहा कि यह आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश की जनता द्वारा छत्तीसगढ़ के संसाधनों की लूट का प्रतिकार होगा, आर्थिक नाकेबंदी का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की संपदा को बचाना है, छत्तीसगढ़ की जल, जंगल और जमीन पर हमारे आदिवासी भाइयों और प्रदेशवासियों का हक है, हमारे संसाधन और पहचान को उद्योगपति के हवाले करने के लिए ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग नहीं होने देंगे यह सिर्फ विरोध नहीं, छत्तीसगढ़ के हक और अस्मिता की लड़ाई है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रवीण साहू,जिपं. सदस्य यशवंत साहू,जिपं.सदस्य प्रतिनिधि लोकमणी कोसले, नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी,नवापारा अध्यक्ष सौरभ शर्मा ,ग्रामीण अध्यक्ष गिरधारी साहू ,महिलाअध्यक्ष निमा निम्बेकर,जं.सदस्य धनेश्वरी डांडे,सारिका साहू, महामंत्री फतीश साहू,पार्षद रानू राठी,नीलकमल गिहलरे,डोमेन्द्र साहू, श्रवण कौशल,जयवर्धन बघेल,राजा चावला, रामा यादव, यशवंत सिन्हा,भरत देवांगन, हिम्मत सिंह,हेमंत शर्मा,गेंदलाल साहू,डामन साहू,मोहन चंद्राकर,राकेश बघेल, गोवर्धन साहू,देवनाथ,दिनेश कोशले, रामजी कुर्रे,देवाराम,धर्मेंद्र बंजारे, इन्दरमन नारंग, कमलेश बघेल, रूपा कोसरिया, श्रीमती रेणुका साहू, रोशनी कोसले,भूपेंद्र बजाज,पुराणिक महिलांग, संजीव गिरी गोस्वामी, प्रकाश चंद साहू, शैलेंद्र यादव, राजा जोशी ,हेमलाल लहरी,सुनील साहू,राम कुमार शर्मा, डोमेश सिन्हा, टिकेंद्र गिलहरे,सजन लाल साहू,कुंज लाल साहू, रेखराम साहू, राम गोपाल साहू,छन्नू राम, गजेंद्र राम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मंगलवार को तिल्दा नेवरा के कांग्रेसियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर आर्थिक नाकेबंदी कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार, भाजपा सरकार और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, साथ ही टायर जलाए गए और पुतला दहन भी किया गया। मंगलवार दोपहर 12 बजे कांग्रेसी पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर एकत्र हुए और सड़क पर बैठकर सभी मार्गों को जाम कर दिया। कांग्रेसियों ने ईडी, प्रधानमंत्री, भाजपा और अडानी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर, सीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी, थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी, आसपास के थानों के थानेदार, सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बल मौजूद थे। इसके अलावा, एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी पूरे समय उपस्थित रहे। कई प्रमुख चौकों पर पुलिस बल तैनात कर वाहनों को दूसरे मार्गों से डायवर्ट किया गया।

### एंबुलेंस और स्कूली बसों को छूट

कांग्रेसियों ने मानवीयता दिखाते हुए एंबुलेंस और स्कूली बसों को चक्काजाम से छूट दी। हालांकि, पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से दोपहिया वाहनों को भी नहीं जाने दिया गया। इस अवसर पर पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवा दास टंडन, कांग्रेसी नेता लक्ष्मी नारायण वर्मा, गजानंद वर्मा, नेता प्रतिपक्ष विजय सोनू मारखंडे, पार्षद राजेश कोटवानी, राजेश जेठवानी, प्रकाश मेघानी, देवेंद्र वर्मा, हर्ष वर्धन शर्मा, मनोहर गेहानी, नानक छाबड़िया, भीम भोजवानी, मोती हिंदुजा, नवीन अग्रवाल, प्रशांत गुप्ता, के कृष्ण मूर्ति, सेवक दास, सोमकांत निर्मलकर, विजय हीरामणि, माचो सहित भारी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित हुए।

### पीपला वेलफेयर फाउंडेशन की पौधे दानजन अभियान जारी

**आरंग।** सामाजिक संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन विगत तीन वर्षों से पौधे दान जन अभियान मुहिम चला रहे हैं। जिसके तहत



जनसहयोग से श्रावण के प्रत्येक सोमवार को नगर के अलग-अलग शिवालयों में धार्मिक आस्था से जुड़े शमी और बेल के पौधे वितरण कर रहें हैं। साथ ही सीआरपीएफ कैंप भिलाई, अनेक स्कूलों और लोगों को बड़ी संख्या में नीम के पौधे वितरण कर रहें हैं। फाऊंडेशन के सदस्यों ने बताया अब तक करीब 600 से अधिक नीम के पौधे वितरण कर चुके हैं। वहीं सोमवार को आरंग के कुमारेश्वर महादेव मंदिर परिसर और बम्हनी महासमुंद के ब्रम्हनेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर वहां भी लोगों की धार्मिक आस्था से जुड़े शमी का पौधे वितरण किया।

## नारायण दास बगड़िया स्कूल में 100 पौधे का किया गया रोपण



**तिल्दा नेवरा।** नेवरा के शासकीय नारायण दास बगड़िया पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खुशी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मोहनानी, शिक्षा सभापति नगर पालिका रानीसौरभ जैन, पार्षद ज्योति नागवानी, नरेंद्र शर्मा, संकुल स्रोत समन्वयक संतोष शर्मा, संकुल प्राचार्य राजेश चंदानी, प्रधानपाठक विरेंद्र टंडन, विद्यालय की शिक्षिकाएं, पालकगण और विद्यालयीन छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस दौरान कुल 100 पेड़ लगाए गए। डॉ. मोहनानी ने अपने संबोधन में कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाने चाहिए ताकि हमारी प्रकृति हरी-भरी और प्राकृतिक रूप से सुंदर बन सके।संकुल समन्वयक, संकुल प्राचार्य और प्रधानपाठक ने जानकारी दी कि शासन द्वारा तिल्दा परिक्षेत्र के लिए 8000 पौधे प्रदान किए गए हैं। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## किसानों को नहीं मिल रहा खाद, बिजली बिल में भी बढ़त

# कांग्रेस ने खाद की कमी और बिजली बिल वृद्धि पर घेरा दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण ने ग्राम तामासिवनी में धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सोसायटियों में खाद की कमी और बिजली बिल में भारी वृद्धि के खिलाफ था, जिसके बाद बिजली ऑफिस का घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया। धरना और घेराव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू शामिल हुए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा प्रदेश, खासकर किसान, मजदूर और आम नागरिक खाद की कमी और बिजली बिल की भारी वृद्धि से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की आजीविका का मुख्य साधन, खेती कार्य प्रभावित हो रहा है। किसान आए दिन सोसायटियों के चक्कर काट रहे हैं, फिर भी उन्हें गुणवत्तापूर्ण खाद नहीं मिल रही है। ऊपर से, प्रदेश के आम नागरिकों के बिजली बिल में भारी वृद्धि कर भाजपा सरकार उनकी आजीविका पर हमला कर रही है। धनेंद्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस /"निर्दयी सरकार/" की नकारात्मक कार्यशैली को सड़क से सदन तक और स्थानीय सोसायटियों व बिजली दफ्तरों में धरना प्रदर्शन के माध्यम से उजागर कर रही है, ताकि आम किसान, गरीब मजदूर और नागरिकों की परेशानियों पर सरकार का ध्यान जा सके। इस कार्यक्रम में यशवंत साहू (सदस्य जिला पंचायत रायपुर), राजू शर्मा (महामंत्री प्रदेश किसान कांग्रेस), श्रवण चंद्राकर (पूर्व सदस्य कृषक कल्याण परिषद), चंद्रहास साहू (उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी), डामन साहू (उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर), गिरधारी साहू (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण), आशुतोष तिवारी (पूर्व सभापति), गोपेश ध्रुव (पूर्व मंडी अध्यक्ष), शशि प्रकाश साहू (सरपंच), दयाराम जांगड़े (पूर्व सरपंच), संजीव गिरी (जनपद सदस्य), दिलीप बंजारे, ताराचंद साहू (जनपद सदस्य प्रतिनिधि), भूपेंद्र साहू, चंद्रहास साहू, मोहन देवांगन, खेमराज साहू, अक्षय साहू (सरपंच), विजय यदु, रघुनंदन यादव, ज्ञानचंद यादव, तेजराम साहू, बिसेलाल साहू (पूर्व सरपंच), तिलक साहू, कुंजलाल साहू, मिलन धनगर, डिहुराम साहू, मनिराम यादव, संतोष साहू, भुवन साहू, नेतराम चंद्राकर, संजय यादव, भूणेश्वर् साहू, विमल पटेल, ओझराम साहू, ओमकार ध्रुव, गिरिराज साहू, पवन पटेल, गजानंद साहू, रोमन तारक, हौसलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, कमलनारायण साहू, लालजी साहू उपस्थित थे।

## तिल्दा के वार्ड 2 में सामुदायिक भवन के लिए हुआ भूमि पूजन



**तिल्दा नेवरा।** नगर पालिका तिल्दा नेवरा के सभी 22 वार्डों में सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा। इसकी शुरुआत वार्ड क्रमांक 2 से हो चुकी है, जहां 10 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का सोमवार दोपहर 12:00 बजे भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला डॉक्टर खुमान वर्मा, सभापति ईश्वर यद्धु, रानी सौरभ जैन, वार्ड के पार्षद व सभापति विनोद नेताम, भाजपा नेता राम पंजवानी, सभापति राजकुमार गैंडरे, संतोष यादव, पार्षद दिनेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, भाजपा महामंत्री सौरभ जैन, डॉ. एलपी साहू, नवीन केसरवानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। भूमि पूजन के बाद, सभापति और वार्ड पार्षद विनोद नेताम ने वार्ड वासियों को बधाई दी और इसे शहर के विकास के लिए एक बड़ी सौगात बताया। यह पहल स्थानीय निवासियों को सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए आवश्यक स्थान उपलब्ध कराएगी।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम-टेकारी प.ह.नं. 03
रा.प्र.क्र. 202507116300005/ब-121
वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप कुमार खुटे पिता स्व. जनक राम खुटे निवासी ग्राम टेकारी उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम टेकारी प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 521/2 रकबा 0.6960 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में सूरूज बाई, गीता, परनिया, अनुसुईया, खिलेश्वर, जयप्रकाश, गिरजा, प्रदीप के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। उक्त वाद भूमि का पूर्व में ऋण पुस्तिका जारी किया गया था जो कहीं गुम हो चुका है। उक्त भूमि कहीं रहन, गहन, बंधक, गिरवी आदि नहीं है पूर्ण रूप से पाक साफ है अर्थात पूर्णतः भार मुक्त है। आवेदक द्वारा उक्त वाद भूमि का द्वितीय ऋण पुस्तिका जारी किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है तत्संबंध मे प्रकरण इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 28/07/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 11/07/2025 को जारी किया गया।

मुहर

अति. तहसीलदार
उप तहसील, खोरपा

## खबर संक्षेप

### तिलक-आजाद की जयंती पर सीएम ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती 23 जुलाई के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए इन दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान अविस्मरणीय है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मातृभूमि के लिए समर्पित कर दिया। श्री साय ने कहा कि लोकमान्य तिलक ने स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा, जैसे क्रांतिकारी उद्घोष के माध्यम से जनमानस में आजादी के लिए चेतना की ज्वाला प्रज्ज्वलित की। वहीं अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद ने अदम्य साहस दिखाते हुए स्वतंत्रता संग्राम में अपना बलिदान दिया।

### खरीफ : किसानों को 5560 करोड़ कृषि ऋण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में राज्य के अधिकाधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किया जा रहा है। अब तक राज्य सहकारी बैंकों द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से 5560 करोड़ 34 लाख रुपए का अल्पकालीन कृषि ऋण दिया जा चुका है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7800 करोड़ रुपए कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक वितरित कुल राशि लक्ष्य का लगभग 71.28 प्रतिशत है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है। जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में 5549 करोड़ रुपए के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे।

### बलरामपुर में इस साल अब तक सर्वाधिक बारिश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 453.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 740.5 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 245.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 446.8 मि.मी., बलौदाबाजार में 443.8 मि.मी., गरियाबंद में 381.1 मि.मी., महासमुंद में 395.9 मि.मी. और धमतरी में 380.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 478.9 मि.मी., मुंगेली में 515.1 मि.मी., रायगढ़ में 578.2 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 606.8 मि.मी., कोरबा में 521.9 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 453.4 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 439.7 मि.मी., सक्ती में 547.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

### महिलाओं को सशक्त बनाने निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

**रायपुर।** सेफटेक इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन सोसायटी लोधीपारा पंडरी के तत्वावधान में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को डिजीटल युग में सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा एक माह का निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे 21 से 35 वर्ष तक की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है। यह प्रशिक्षण 1 अगस्त से लेकर 30 अगस्त तक दिया जाएगा। जिसका रजिस्ट्रेशन फार्म प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक संस्था के कार्यालय में उपलब्ध रहेगा।

### शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

**रायपुर।** रायपुर के कई स्कूलों में बोर्ड का रिजल्ट पचास प्रतिशत से कम आया था, जिसे लेकर कांग्रेस नेत्री एवं पार्षद किरण वर्मा, पूर्व उपसरपंच अजय साहू, अधिवक्ता रूकुमलाल वर्मा ने सरकार की कथनी और और करनी पर तंज कसते हुए ऐसे संस्था प्रमुखों पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाया। साथ ही शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने तथा लापरवाह शिक्षण संस्थाओं पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

# छत्तीसगढ़ सरकार बनाएगी पेंशन फंड, 450 करोड़ का होगा खर्च, मार्केट में निवेश भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने पेंशनधारियों की पेंशन अदायगी के लिए एक पेंशन फंड बनाने की तैयारी की है। खास बात ये है कि इस फंड में सरकार 450 करोड़ रुपए लगाएगी। इसके साथ ही इस फंड की राशि का कुछ हिस्सा मार्केट में भी निवेश किया जाएगा। राज्य सरकार ने यह व्यवस्था लागू करने के लिए हाल ही में विधानसभा में छत्तीसगढ़ पेंशन निधि विधेयक 2025 भी पारित कराया है। जानकारों का कहना है कि राज्य में इस तरह की व्यवस्था पहली बार की जा रही है। इससे राज्य में पेंशन राशि की वजह से पड़ने वाले वित्तीय बोझ में कमी आएगी। यह निधि भविष्य के पेंशन एवं अन्य निधि का सेवानिवृत्त दायित्वों के भुगतान हेतु इस्तेमाल की जाएगी।

## राज्य में हैं 1 लाख 45 हजार पेंशनर्स, जल्द ही बड़ी संख्या में होंगे रिटायर

### राज्य में हैं 1.45 लाख पेंशनर्स

छत्तीसगढ़ में इस समय पेंशनरों की संख्या 1 लाख 45 हजार के करीब है। इसके साथ ही राज्य सरकार के सेवकों की कुल संख्या 4 लाख 10 हजार है। बताया गया है कि राज्य में अगले कुछ महीनों में सभी विभागों के बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी रिटायर होने वाले हैं।



### राशि का निवेश होगा मार्केट में

इस विधेयक में कहा गया है कि पिछले वर्ष के पेंशन भुगतानों का अधिकतम पांच प्रतिशत प्रत्येक वर्ष पेंशन निधि में निवेश किया जाएगा, परंतु संसाधनों की उपलब्धता तथा शासन की वित्तीय स्थिति के अध्यधीन रहते हुए, शासन आपवादिक परिस्थितियों में पेंशन निधि की उक्त सीमा से अधिक ऐसी राशि का अंतरण कर सकेगा।

### 20 प्रतिशत की वृद्धि का वहन संचित निधि से

इसी क्रम में विधेयक में साफ किया गया है कि यदि किसी वित्तीय वर्ष में पेंशन भुगतानों में वृद्धि विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक होती है. तो अतिरिक्त 20 प्रतिशत राशि को निधि से लिया जा सकता है। 20 प्रतिशत तक की वृद्धि का वहन राज्य शासन संचित निधि से करेगी। यदि शासन आवश्यक समझे तो विगत वर्ष तक निवेश पर अर्जित आय का अधिकतम 10 प्रतिशत एक वित्तीय वर्ष में पेंशन भुगतान हेतु उपयोग किया जा सकेगा। निधि की शेष राशि को भारत सरकार की प्रतिभूतियों, विशेष प्रतिभूतियों, ट्रेजरी बिल्स, राज्य शासन की प्रतिभूतियों या अन्य अधिकृत प्रतिभूतियों में निवेश किया जाएगा।

## समन्वित प्रयासों से निराश्रित पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक

# सीएम ने कहा- सड़कों पर घूमने वाले पशुओं की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर निराश्रित पशुओं की आवाजाही पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा, सड़क दुर्घटनाओं की एक प्रमुख वजह निराश्रित मवेशी हैं, जिन्हें नियंत्रित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को त्वरित, ठोस और समन्वित कार्य योजना के साथ आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री ने पशुधन विकास, नगरीय प्रशासन एवं विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और लोक निर्माण विभाग को आपसी तालमेल के साथ जिम्मेदारी साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा, यह समस्या शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में गंभीर है और इसके समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में संचालित गोशालाओं, गोठानों, कांजी हाउस एवं काउ-कैचर जैसी व्यवस्थाओं की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इन संस्थानों की वर्तमान उपयोगिता, क्षमता और सुधार की संभावनाओं पर भी गहन चर्चा की और सुझाव मांगे।

■ पशुधन विकास, नगरीय प्रशासन, पंचायत और पीडब्ल्यूडी विभाग बनाएं कार्ययोजना

### दुर्घटनाओं का बनते हैं कारण

*मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे स्थित गांवों में पशुओं के प्रबंधन के लिए प्रभावी एवं व्यावहारिक मॉडल विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, हाईवे पर पशुओं की उपस्थिति केवल यातायात में बाधा नहीं, बल्कि जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनती है, अतः इस दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई आवश्यक है। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों और उनमें निराश्रित पशुओं की भूमिका की समीक्षा की गई।*

### पुनर्वास की बनाएं रणनीति

*साथ ही, गोधन विकास से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने निराश्रित एवं लावारिस गौवंश की देखभाल, चारे की उपलब्धता और उनके पुनर्वास के लिए सुनियोजित रणनीति अपनाने की बात कही। नगरीय क्षेत्रों में सड़कों पर घूमने वाले पशुओं की रोकथाम के लिए काउ-कैचर की कार्यप्रणाली और उसके विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया गया। कृषि एवं पशुधन विकास विभाग की सचिव शहला निगार ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से प्रदेशभर की गौठानों, गौशालाओं एवं पशुधन विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।*

## बृजमोहन की रायपुर में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थापना की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मुलाकात की।उन्होंने छत्तीसगढ़ के रायपुर में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) की शाखा के लिए भवन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते इस केंद्र को जल्द प्रारंभ करने की मांग की है।

■ दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से की मुलाकात

सांसद श्री अग्रवाल ने श्री नड्डा को सौंपे पत्र में लिखा है कि 6 जून 2023 को एनसीडीसी रायपुर शाखा की आधारशिला आपके द्वारा रखी गई थी, किंतु दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, विशेषकर इसके दक्षिणी क्षेत्र, मलेरिया जैसे रोगों से अत्यधिक प्रभावित हैं। ऐसे में रायपुर में एनसीडीसी का पूर्ण विकसित केंद्र जन स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि जगदलपुर में एनसीडीसी की एक शाखा मलेरिया अनुसंधान फील्ड स्टेशन के रूप में वर्ष 1979 में प्रारंभ की गई थी, जो कि अब आधुनिक और विस्तृत अनुसंधान एवं रोग नियंत्रण केंद्र में परिवर्तित किए जाने की आवश्यकता है। श्री अग्रवाल ने आग्रह किया कि रायपुर में प्रस्तावित एनसीडीसी भवन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए ताकि राज्य में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और अनुसंधान कार्य को मजबूती मिल सके।

## धनखड़ के इस्तीफे पर भूपेश का बड़ा दावा, कहा- ये भयंकर तूफान की आहट

### ईडी को बताया 'बीजेपी का विंग'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर भूपेश बघेल ने बड़ा दावा किया है, उन्होंने इसे एक बड़े राजनीतिक तूफान की आहट बताया। उन्होंने कहा, यह महज एक स्वास्थ्य कारणों से दिया गया इस्तीफा नहीं, बल्कि किसी भयंकर तूफान की चेतावनी है। उन्होंने दावा किया कि इसके पीछे कोई गंभीर और असामान्य कारण छिपा है, जिसकी परतें जल्द खुलेंगी। उन्होंने कहा, देश के हालात असामान्य हो चले हैं। प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी की जा रही है, यह विरोध केवल एक एजेंसी के दुरुपयोग के खिलाफ नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को बचाने की कोशिश है।

श्री बघेल ने प्रवर्तन निदेशालय की कार्यशैली पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, यह एजेंसी अब बीजेपी के विंग के रूप में काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश भर में विपक्षी नेताओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया जा रहा है। उनकी छवि को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। उन्हें झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है।



### कांग्रेस को तोड़ने की साजिश

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों की मदद से कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने और तोड़ने की सुनियोजित साजिश रची गई है। कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने के लिए ईडी का दुरुपयोग किया गया। विपक्ष के कई नेताओं पर दबाव बनाया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।

## आईएफएस के कैडर रिव्यू को मिली मंजूरी, 7 पदों की हुई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के वन विभाग के लिए आईएफएस अधिकारियों के नए कैडर को मंजूरी दे दी है। हालांकि इसमें कोई बड़ी बढ़ोतरी नहीं की गई है। नया कैडर 160 पदों का होगा। बताया गया है कि यूपीएससी में पिछले सप्ताह हुई बैठक में नए कैडर को मंजूर किया गया है।

पिछला कैडर रिव्यू वर्ष 2013 में हुआ था, उसके बाद राज्य में बने आधा दर्जन नए जिले और वन विभाग में बढ़ती योजनाओं के संचालन के लिए अफसरों की कमी बनी हुई थी। फील्ड को छोड़, वन मुख्यालय में कई अफसर दोहरे- तिहरे प्रभार में चल रहे थे। केवल 7 पदों की वृद्धि कर 160 पद मंजूर किया है। इनमें मुख्यालय के बजाय नवगठित जिलों के लिए छह डीएफओ के नए पद दिए गए हैं। राज्य गठन के बाद आईएफएस का कैडर रिव्यू दूसरी बार हुआ है। पृथक राज्य को 93 पदों का कैडर दिया गया था।

### आईएफएस अवार्ड केवल एक को

इस बीच राज्य वन सेवा से आईएफएस अवार्ड के लिए भी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार केवल एक पद पर प्रमोशन मिला है। सूत्रों ने बताया कि रावसे की निर्मला रखेस का नाम सबसे ऊपर है। केवल अधिसूचना जारी होना शेष है। पदोन्नति के बाद प्रदेश में कार्यरत आईएफएस की संख्या 112 हो जाएगी।

### आईएएस और आईपीएस कैडर का हो चुका पुनरीक्षण

केंद्र के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने राज्य के आईएएस और आईपीएस कैडर का पुनरीक्षण करते हुए नए पदों को मंजूरी दी है। राज्य में अब आईएएस अधिकारियों की संख्या 193 से बढ़कर 202 और आईपीएस कैडर 142 से बढ़कर 153 हो गया है। राज्य बनने के बाद जिलों की संख्या बढ़ने के चलते आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की कमी महसूस की जा रही है।

# घोषणा से आगे नहीं बढ़ा सरोना में सौ बिस्तर का अस्पताल, नहीं मिली जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लंबे सफर से बचाने के लिए सरोना में सौ बिस्तर का शासकीय अस्पताल बनाने की घोषणा पांच महीने बाद भी योजना से आगे नहीं बढ़ पाया है। बजट में इसका प्रावधान किए जाने के बाद अस्पताल बनाने के लिए जमीन की तलाश की जानी थी, जो अब तक पूरी नहीं हो सकी है। इस अस्पताल को जिला अस्पताल की तर्ज पर तैयार करने का प्रारंभिक विचार भी किया गया था। सूत्रों के अनुसार सरोना सहित आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को उपचार की सुविधा के लिए शासकीय स्तर पर एम्स पर निर्भर रहना पड़ता है या तो उन्हें शहर तक का लंबा सफर तय करना पड़ता है। उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा सरोना में सुविधायुक्त अस्पताल बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। इसे स्वीकारते हुए बजट में वहां सौ बिस्तर का हास्पिटल बनाने का प्रावधान किया गया था। सूत्रों के अनुसार सौ बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर से लेकर आईसीयू तक का इंतजाम किये जाने की योजना थी।



अस्पताल बनाने के लिए वहां आवश्यक जमीन की जरूरत थी जिसकी तलाश अब पूरी नहीं हो पाई है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस संबंध में आला अधिकारियों से किसी तरह की सहमति नहीं मिली है, जिसकी वजह से मामला अटका हुआ है।

### हमर क्लीनिक भी अधूरे

रायपुर जिले में एमबीबीएस डाक्टर वाले अस्पताल (हमर क्लीनिक) की सुविधा अब तक पूरी नहीं हो पाई है। जिले में 70 की संख्या में इसे खोला जाना था, मगर अब तक पचास पूरी तरह नहीं खुल पाए हैं। इन स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टर सहित चिकित्सकीय स्टाफ की कमी है तो कहीं भवन बनाने का काम ही शुरू नहीं हो पाया है। कई मोहल्ले में इसका भवन बन चुका है मगर उसका ताला खुलने का इंतजार खत्म नहीं हुआ है।

### नवा रायपुर में सिविल अस्पताल भी ठंडे बस्ते में

सरोना अस्पताल की तरह राखी (नवा रायपुर) में भी सिविल अस्पताल बनाने की योजना भी ठंडे बस्ते में जा चुकी है। नवा रायपुर में बढ़ रही आबादी को ध्यान में रखते हुए वहां चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार किया गया था। सिविल अस्पताल बनाने वाले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को चिन्हित भी किया गया था। अस्पताल के विस्तार के लिए आवश्यक संसाधन नहीं जुटाया जा सका और इसकी योजना ठंडी पड़ गई। वर्तमान में सिविल अस्पताल माना में मौजूद है जो क्षेत्र के मरीजों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराता है।

## नहीं बन पाई रूपरेखा, बीएड-डीएलएड इस सत्र में रहेगा एससीईआरटी के ही अधीन

# काउंसिलिंग के लिए एजेंसी तय नहीं, उच्च शिक्षा विभाग ने खड़े किए हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों को इस बार लंबा इंतजार करना पड़ेगा। इसकी वजह अब तक एजेंसी का निर्धारण नहीं होना है। प्रवेश के बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों में दाखिले व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर दी जाती है। व्यापम ने बीएड प्रवेश परीक्षा के परिणाम 10 जुलाई को तथा डीएलएड प्रवेश परीक्षा के परिणाम 11 जुलाई को जारी कर दिए थे। सामान्यतः प्रवेश परीक्षा के नतीजे आने के कुछ दिनों पश्चात ही काउंसिलिंग शेड्यूल जारी कर दिया जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो सका है।

पिछली बार चिप्स द्वारा काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण की गई थी। एजेंसी का अनुबंध समाप्त होने के बाद इसका नवीनीकरण नहीं किया गया। अब काउंसिलिंग करने से पहले एजेंसी निर्धारण करने की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। इसमें एक माह का समय संभावित है। इसलिए बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रम में काउंसिलिंग अगस्त माह में ही शुरू हो सकेगी। पंजीयन से लेकर मेरिट लिस्ट जारी किए जाने संबंधित कार्य एजेंसी द्वारा ही किए जाते हैं।

### माथा पकड़े बैठी एससीईआरटी




### उच्च शिक्षा विभाग के अधीन होगा पाठ्यक्रम

महाविद्यालयों में संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में केवल बीएड और डीएलएड ही ऐसे विषय हैं, जिसकी काउंसिलिंग उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नहीं की जाती है। बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा की जाती है। पाठ्यक्रम निर्धारण सहित अन्य चीजों का निर्धारण भी एससीईआरटी ही करता है। इसे उच्च शिक्षा विभाग के अधीन करने सत्र 2024-25 में कमेटी बनाई गई थी। प्राचार्यों और शिक्षाविद की इस कमेटी को बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग के अधीन किए जाने के संदर्भ में अपनी रिपोर्ट देनी थी। कमेटी द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद भी उच्च शिक्षा विभाग को पाठ्यक्रम सौंपे जाने संबंधित प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जा सकी। यही कारण है इस वर्ष उच्च शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग नहीं की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, उच्च शिक्षा विभाग के अधीन पाठ्यक्रम जाने की आशंका के कारण एससीईआरटी ने भी तय वक्त पर एजेंसी का निर्धारण नहीं किया।

### नहीं मिलेंगे छात्र

काउंसिलिंग में विलंब होने पर विद्यार्थी अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला ले लेते हैं। एजेंसी का निर्धारण जल्द कर काउंसिलिंग शुरू की जाए, ताकि सीटें भर सकें।

**- राजीव गुप्ता**
संयोजक
निजी बीएड कॉलेज संघ

## आरंग, अभनपुर, साकरा, धरसींवा खरोरा एवं तिल्दा में चक्काजाम सफल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिले के सभी चक्काजाम चिन्हांकित जगहों पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आर्थिक नाकेबंदी के तहत चक्काजाम किया। आरंग में डॉ. शिव डहरिया अपने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ रसनी टोल प्लाजा के पास प्रदर्शन किया। खरोरा में आजाद चौक पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा एवं पूर्व सांसद छाया वर्मा, सौरभ मिश्रा, अभनपुर में प्रवीण साहू, यशवंत साहू, विद्याभूषण सोनवानी, साकरा धरसींवा में अनीता शर्मा, पूर्व विधायक योगेंद्र सोलंकी, दुर्गेश वर्मा, तिल्दा में शैलेश नितिन त्रिवेदी, राम गिडलानी, देवा टंडन, बलदाऊ साहू सहित कांग्रेसजन आर्थिक नाकेबंदी के दौरान उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा खरोरा, साकरा धरसींवा दोनों जगह शामिल हुए। सभी जगह 12 बजे से 2 बजे तक 2 घंटे चक्काजाम किया गया। इस दौरान एंबुलेंस, स्कूल बसों को छोड़कर ट्रक, कार एवं अन्य सभी गाड़ियों को रोका गया। चक्काजाम पूरी तरह से सफल रहा। खरोरा में मोदी, अदाणी का पुतला फूंका गया। खरोरा एवं साकरा धरसींवा में टायर जलाकर आक्रोश प्रकट किया गया।

**खबर संक्षेप**

## पूनम बने अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**रायपुर।** अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री पूनम चंद्राकर की नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार की सहमति से की गई है। उनकी नियुक्ति करते हुए महासभा ने यह आशा व्यक्त की है कि उनके मनोनयन से समाज को गति मिलेगी और आप जैसे ईमानदार एवं कर्मठ साथी के सहयोग से संगठन मजबूत होगा।

## पैसे लेनदेन के विवाद पर मारपीट, दो पर केस



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने उधार पैसों के लेनदेन के विवाद पर मारपीट करने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घटना 16 जुलाई की रात 11 बजे शिवानंद नगर की है। प्रार्थी अजय कुमार सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उधार पैसों के लेनदेन की बात को लेकर आरोपी प्रशांत सांई एवं उसके साथी ने उसके साथ विवाद किया और फिर गाली-गलौज कर पत्थर से मारकर उसे चोट पहुंचाई। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसःधारा 296, 115-2, 351-2, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## निधन

### विनय शर्मा



**रायपुर।** गैलेक्सी रेजिडेंसी अमलीडीह निवासी वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट विनय शर्मा (65) का 22 जुलाई को निधन हो गया। वे अपराजिता शर्मा के पति और अमित शर्मा व अमृता के पिता तथा कमल शर्मा के अनुज थे। उन्होंने कुछ समय तक हरिभूमि प्रेस में भी सेवाएं दी थीं। रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### एम. बाबूराव



**रायपुर।** देवेंद्र नगर निवासी सेवानिवृत्त सहायक अभियंता एम. बाबूराव का 22 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 जुलाई को दोपहर 3 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे एम. रमेश, एम. रामकृष्ण, एम. रवि एवं डी. रोजा के पिता थे।

### सृजन पाठक



**रायपुर।** दाऊपारा मुंगेली निवासी सृजन पाठक (22) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 जुलाई को मुंगेली के दाऊपारा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील पाठक के पुत्र एवं अशोक पाठक, अनिल पाठक, डॉ. अभिषेक पाठक, डॉ. अभिनव पाठक के भतीजे थे।

# पीएटी रिजल्ट कूड़ेदान में! नहीं भरी सीटें, लगातार पांचवें वर्ष 12वीं के आधार पर प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट एक बार फिर से कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। अब कृषि पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए इसकी आवश्यकता नहीं होगी। बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने पीएटी नहीं दिलाई है, वे भी बीएससी एग्रीकल्चर में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इंदिरा गांधी कृषि विवि द्वारा इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर दी गई है। दाखिले के विभिन्न चरणों में अब तक 1348 सीटों पर छात्रों ने दाखिले ले लिए हैं। कृषि विवि में बीएससी एग्रीकल्चर की 2015 सीटें हैं। इनमें से 667 सीटें रिक्त हैं। गौरतलब है कि यह लगातार पांचवां वर्ष होगा, जब कृषि पाठ्यक्रम में 12वीं के अंकों के आधार पर प्रवेश दिए जा रहे हैं।

## 2015 में से अब तक 1348 सीटों पर ही दाखिले, 667 सीटों पर छात्रों का इंतजार

**12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी 26 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन**




### प्रबंधन सीटों के लिए आवेदन 28 से

इसी प्रकार निजी महाविद्यालयों में प्रबंधन सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 28 जुलाई से 3 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। बारहवीं के परीक्षा परिणामों के आधार पर रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर 26 जुलाई को रात्रि 11:30 बजे तक ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। असफल फीस ट्रांजेक्शन वाले अभ्यर्थी 27 जुलाई को पुनः फीस जमा कर सकते हैं। दस्तावेजों का सत्यापन कृषि महाविद्यालय में 28 एवं 29 जुलाई को किया जाएगा। 30 जुलाई को अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची अपलोड की जाएगी।

### स्पॉट काउंसिलिंग प्रारंभ

प्रबंधन द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बी.एस.सी. कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में द्वितीय चरण की काउंसलिंग (स्पॉट काउंसलिंग) के पश्चात रिक्त सीटों पर 12वीं परीक्षा के परिणामों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 26 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इस अवधि में पंजीयन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों के तहत प्रावीण्यता के आधार पर उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा।

### देशभर के कई राज्यों में बाजार में घूम-घूम कर देते थे वारदात को अंजाम

# अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, मोबाइल चुराने के बाद फोन-पे से जमा पैसे ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

देश के कई राज्यों के बाजार में घूम-घूमकर मोबाइल चोरी करने के बाद उन मोबाइल के ऑनलाइन एप फोन पे का इस्तेमाल कर लोगों की बैंकों में जमा पूंजी को अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का रायपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 मोबाइल, नकदी एक लाख रुपए एवं 10 एटीएम कार्ड जब्त किए हैं।

### पश्चिम बंगाल एवं झारखंड में कैंप कर आरोपियों को पकड़ा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम में इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस गिरोह में संलिप्त आरोपियों को पकड़ने के लिए रायपुर पुलिस को कई राज्यों में भेजा गया था। इसके आधार पर पुलिस ने पश्चिम बंगाल और झारखंड में कई हफ्ते कैंप भी किया। इस कैंप के दौरान मिले सुराग से आरोपियों को तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार किए गए आरोपी

*विकास महतो 33 वर्ष निवासी महाराजपुर नया टोला थाना कल्याणी जिला साहेबगंज झारखंड, यासिन कुरैशी 34 वर्ष निवासी कुलीपाड़ा साहेबगंज झारखंड, शेख सुलेमान उर्फ राजन 29 वर्ष निवासी जे-127 शेरखान मैदान के पास थाना गार्डनरिच जिला 24 परगना कोलकाता, अंकित शर्मा 23 वर्ष निवासी एफ 62 गार्डनरिच मारिया थाना गार्डन रिच पश्चिम बंगाल, सोनू कुमार मंडल 18 वर्ष निवासी मिर्जा चौकी महादेववरन थाना मिर्जा चौकी जिला साहेबगंज एवं पिंटू कुमार मोहले 18 वर्ष निवासी मिर्जा चौकी महादेव वरन मिर्जा चौकी जिला साहेबगंज शामिल है।*



### गिरोह तीन समूह में देता था घटना को अंजाम

पुलिस के अनुसार गिरोह 3 समूह में पूरी वारदात को अंजाम दिया करता था। इसमें एक समूह देश के अलग-अलग राज्य के शहरों के बाजार में जाकर मोबाइल चोरी किया करता था, वहीं दूसरा समूह चोरी के मोबाइल से रकम पश्चिम बंगाल में अपने साथियों के पास भेजा करता था, जो पैसों को एटीएम से निकाल कर झारखंड भेजा करता था। इस तरह तीसरा समूह चोरी के पैसों को अपने साथियों को कमीशन काट कर देने का कार्य करता था।

### चोरी के मोबाइल से ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर से मिला सुराग

पुलिस ने मुन्नालाल के चोरी हुए मोबाइल के फोन-पे के माध्यम से जिस मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता में पैसे ट्रांसफर किए गए थे, की जांच की। इस जांच में पता चला कि आरोपियों ने फोन-पे के माध्यम से पैसे कोलकाता पश्चिम बंगाल स्थित बैंक खाते में ट्रांसफर किए, जिसे बाद में एटीएम के माध्यम से निकाला गया। इन सबूतों के आधार पर पुलिस की टीम कोलकाता पहुंची और संबंधित बैंक में जाकर खाता धारक की पहचान मुकेश कुमार के रूप में की। टीम ने इसके बाद कैंप लगाकर मुकेश के बैंक खाता एवं बैंक खाता में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का उपयोग करने वाले शेख सुलेमान उर्फ राजन एवं अंकित शर्मा को पकड़ा एवं उनसे पूछताछ के बाद पश्चिम बंगाल एवं साहेबगंज झारखंड के एक गिरोह के संबंध में जानकारी मिली। इसके बाद गिरोह के अन्य चार साथी यासिन कुरैशी, विकास महतो, पिन्टू मोहले एवं सागर मण्डल को पकड़ा गया।

### रायपुर निवासी व्यक्ति की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले में की कार्रवाई

*राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में पहाड़ी चौक के पास सब्जी मंडी में 22 जून को मुन्नालाल पटेल नामक व्यक्ति का मोबाइल चोरी हुआ था। चोरी होने के बाद इस मोबाइल में डाउनलोड फोन-पे के माध्यम से आरोपियों ने 99 हजार रुपए भी निकाल लिए थे, जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए कार्रवाई की है।*

# ट्रैफिक दुरुस्त करने गणेश मूर्तियों का विक्रय जोनवार या बड़े मैदानों पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

शहर में गणेशोत्सव को देखते हुए यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने गणेश मूर्तियों का विक्रय जोनवार या बड़े मैदानों पर निर्धारित करने सुझाव आया। महापौर मीनल चौबे ने इस संबंध में कहा कि जन सहयोग से निर्णय लिया जायेगा। महात्मा गांधी सदन में निगम के लोककर्म विभाग की बैठक विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल सहित निगम के वरिष्ठ अभियंताओं की उपस्थिति में आयोजित हुई। इस दौरान गणेशोत्सव के दौरान सुगम आवागमन को लेकर यह सुझाव आया।

नगर निगम में महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में लोककर्म विभाग की समीक्षा बैठक रखी गयी। इस मौके पर महापौर ने कहा कि नगर निगम का कार्य केवल भवन निर्माण्या तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति , जलभराव की समस्या से मुक्ति, नाली, नालों का समुचित विकास के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रहवासियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों में सड़क, बिजली, पानी और सीवरेज प्रबंधन पर प्रमुखता से ध्यान देने निर्देश दिये। बैठक में यह भी निर्देशित किया कि बारिश के मौसम में किसी भी वार्ड में जलभराव की स्थिति न बने। इसके लिए सभी जोन में नालियों की सफाई, ड्रेनेज सुधार कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। समीक्षा बैठक में मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, प्रभारी अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, पी. राजेश नायडू, प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सहित सहायक अभियंता और उप अभियंता उपस्थित रहे।

### टाटा वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**रायपुर।** एक्सीडेंट में एक स्कूटी सवार की मौत के मामले में पुलिस ने टाटा वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि मृतक नंदलाल यादव नवागांव का रहने वाला था। नंदलाल अपनी स्कूटी से जा रहा था, इसी दौरान ग्राम पचेड़ा के पास टाटा एस. क्रमांक सीजी-04 एमएम-7490 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही से चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी।

## पेज 9 के शेष

### अवंति विहार, तेलीबांधा, मोवा...

डगनिया मार्ग लबालब
तेज बारिश में डगनिया, सुंदरनगर से लेकर अश्वनीनगर तक सड़क लबालब रही। इस दौरान गाड़ियां फंसती रहीं। सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। वाहन चालक अचानक आई विपदा से परेशान रहे। उन्होंने गलियों से निकलने की कोशिश की, जिससे जाम के हालात बन गए थे।

**संतोषी नगर चौक पर लगा जाम, दोपहिया, तिपहिया की लाइनः** राजधानी के संतोषीनगर चौक पर 11.30 बजे सड़क लबालब होने से गाड़ियों की लाइन लग गई। दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों की रेलमपेल के कारण ट्रैफिक जाम रहा। तेज बारिश में ट्रैफिक जाम की वजह से स्कूली छात्राएं भी इससे परेशान रही। घुटनाभर से ज्यादा पानी से होकर गाड़ियां गुजारने से कुछ लोगों के दोपहिया वाहन के इंजन में पानी भरने से उन्हें बरसते पानी में गाड़ी खींचते हुए ले जाना पड़ा। वहीं गंदे पानी के छींटे से लोगों को खासी परेशानी हुई।

**0 दानी स्कूल कैंपस में भरा गंदा पानी**
बूढ़ापारा मार्ग पर स्टेडियम के सामने का पूरा इलाका जलमग्न नजर आया। यहां पंडित जगन्नाथ राव दानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंपस में भी तेज बारिश से पानी भर गया। इससे विद्यालय आने-जाने वाली छात्राओं को अपने कक्षा तक पहुंचने में खासी परेशानी हुई। मोतीबाग चौक स्थित सालेम स्कूल के सामने सड़क के दोनों ओर लबालब पानी भरा रहा। इससे स्कूली विद्यार्थियों सहित इस मार्ग में आने-जाने वाले परेशानी में रहे। घुटना भर पानी सड़क के दोनों ओर भरने से वाहन चालकों को वाहन चलाने में दिक्कतें हुईं।

### राजेन्द्र नगर लबालब...

हो सकेगी। एक्सीडेंट होने पर किस वाहन चालक ने गलती की है, कैमरे के माध्यम से आसानी से इसकी जानकारी मिल पाएगी। इसके बाद दोषी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करने में आसानी होगी।

### साबुन, तेल, शैम्पू...

जांच टीम ने रायपुर समेत प्रदेशभर के विभिन्न संस्थानों में पहुंचकर वहां बिकने वाली सामग्री की जांच की। जांच के दौरान संचालकों से संबंधित उत्पादों का दस्तावेज खंगाला गया और संदेह के आधार पर 48 तरीकों के प्रोडक्ट के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। एफडीए के सहायक नियंत्रक बीआर साहू ने बताया कि लैब की जांच में अगर उत्पाद अमानक पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी राजधानी के बंजारी चौक स्थित संस्थानों में कार्रवाई कर आवश्यक कार्रवाई की गई थी। अधिकारियों के मुताबिक नकली औषधियों, प्रसाधन सामग्री या नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से संबंधित किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी हेल्पलाइन नंबर 9340595097 पर दी जा सकती है।

### गणित की तरह...

शैक्षणिक सत्र 2026-27 एकेडमिक ईयर में कक्षा 11वीं के छात्रों के लिए भी स्टैंडर्ड और बेसिक का विकल्प शुरू करने की कोशिश की जा रही है। इसके अगले वर्ष कक्षा 12वीं के लिए भी इसे लागू किया जाएगा।

### नई किताबें तय...

1 से 4, और कक्षा 6 और 7 के लिए नई किताबें जारी की गई है। कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए किताबें करंट एकेडमिक सेशन में उपलब्ध कराई जा रही हैं, जबकि कक्षा 9 से 12 के लिए आने वाले सेशन के लिए निर्धारित हैं।

### ... तो सामान्य अध्ययन...

मेडिसिन या अन्य इससे संबंधित अन्य क्षेत्र में कॅरियर के इच्छुक छात्र साइंस में एडवांस लेवल का ऑप्शन चुन सकते हैं। जबकि अन्य छात्रों के लिए सामान्य अध्ययन ही पर्याप्त है।

# बुजुर्ग दंपति की हत्या झोलाछाप डाक्टर ने की, ताना मारना और बयाना की रकम नहीं लौटाना बना वारदात का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



अभनपुर क्षेत्र के ग्राम बिरोदा में एक बुजुर्ग दंपति की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली। हत्यारा गांव में मेडिकल और दवाखाना चलाने वाला झोलाछाप डाक्टर निकला, जिसने दंपति से बदला लेने की नीयत से दोनों की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या का कारण मृतका द्वारा डाक्टर को इलाज करने नहीं आता का बार-बार ताना मारना और मृतक द्वारा अपनी जमीन बिक्री का सौदा कैंसिल करना है। इन दोनों कारण से डाक्टर ने बुजुर्ग दंपति की उनके ही घर में इलाज करने के बहाने जाकर हत्या कर दी।

एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि ग्राम बिरोदा में रहने वाले बुजुर्ग दंपति भूखन ध्रुव और उसकी पत्नी रुखमणी 16 जुलाई को अपने घर में मृत मिले थे। दोनों की किसी ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना की सूचना पर पुलिस ने जांच करते हुए गांव के लोगों से पूछताछ की। इस पूछताछ में पता चला कि घटना के दिन शाम को डाक्टर राकेश कुमार बारले 30 वर्ष निवासी ग्राम कोड़ापारा थाना कुरुद को निकलते देखा गया था। राकेश एक झोलाछाप डाक्टर है और ग्राम बिरोदा में ही आरके नाम से मेडिकल दुकान खोला हुआ है। दवाई बेचने के साथ वह दुकान में लोगों का इलाज भी करता है। पुलिस ने जब डाक्टर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना गुनाह कबूल कर बताया कि घटना के दिन वह मृतक दंपति के घर गया था।

### रुखमणी अपनी बीमारी ठीक नहीं होने पर डाक्टर को मारती थी ताना

पूछताछ पर डाक्टर ने बताया कि वह रुखमणी का भी हाथ-पैर दर्द का इलाज करता था। इसके एवज में वह उससे पैसे भी लेता था। बीमारी ठीक नहीं होने पर रुकमणी उसे ताना मारती थी कि जब इलाज करने नहीं आता तो क्यों करते हो। रुखमणी इसे लेकर बार-बार गांव के अन्य लोगों के सामने भी ताना मारा करती थी।

### भूखन जमीन बिक्री का सौदा कैंसिल कर नहीं लौटा रहा था बयाना की रकम

भूखन ने भी डाक्टर के माध्यम से अपनी जमीन को बेचने के लिए रायपुर निवासी एक व्यक्ति से सौदा किया था। इस सौदे के एवज में डाक्टर ने उसे क्रेता से दस हजार रुपए भी दिलाए थे, लेकिन भूखन ने अचानक जमीन को नहीं बेचने का मन बना लिया और बयाना की रकम भी लौटाया नहीं था। इन दोनों मामलों को लेकर डाक्टर परेशान था तथा दोनों से बदला लेने का मन बना लिया। इसी बदले की आग में डाक्टर ने दोनों की हत्या कर दी।




**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला **रायपुर** तहसील **धरसींवा** प.ह.न. - 00032 **गुमा** ग्राम के नामांतरण पंजी मे पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **RD202425440721200040**

**// ईश्तहार //**

तहसील **धरसींवा** के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम **गुमा** के वर्तमान भूमिस्वामी **संजय राठी पिता/पति सत्यनारायण राठी पता अवंति बाई चौक महात्मा गाँधी वार्ड रायपुर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 274/63(0.0264) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता समाधान द्वारा प्रो अमित गुप्ता पिता/पति स्व रविशंकर गुप्ता पता - रजबंधा मैदान रायपुर के नाम पर पंजीयन /फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **31/07/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय तहसीलदार धरसींवा** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **09/07/2025** को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदारः**
**Babulal kurrey**
**उप तहसील धरसींवा**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3485 दिनांक 27.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई. डब्ल्यू.एस. फ्लैट, 16/106 को श्रीमती रंजीता सिंह पिता श्री ललित सिंह के नाम स्व- वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 17.10.2014 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती रंजीता सिंह पिता श्री ललित सिंह, निवासीः- हाउस नं. 4, गली नं. 1, इन्फोर्ट ऑफ साहू कॉप्लेक्स, शिवाजी नगर, दलदल सिवनी, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता BIJAYINI RAUT D/O BIPRA CHARAN SAHU, ADD.-BRAJANAGAR 2ND NALE, BERHAMPUR (GM), GANJAM, ODISHA- 760001 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई. डब्ल्यू.एस. फ्लैट, 16/106 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें । अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**नाम परिवर्तन**

[illegible]

## शराब की अवैध बिक्री दो कोचिया धरे गए



**रायपुर।** शराब की अवैध बिक्री के मामले में पुरानी बस्ती और खरोरा थाना पुलिस ने दो कोचियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दर्री तालाब के पास भाठागांव में दबिश देकर आरोपी ललित गोंडाने को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 39 पाव देशी शराब जब्त की है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम भैंसा भाठापारा के पास आरोपी अजय साहू को गिरफ्तार उसके पास से 17 पाव देशी शराब जब्त की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता दीदियों का सम्मान आज

**रायपुर।** रायपुर शहर को राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत मिलेनियम प्लस सिटी श्रेणी में देश में चौथी रैंकिंग मिलने और गार्बेज फ्री सिटी में 7 स्टार मिलने पर 23 जुलाई को नगर निगम के स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम शहीद स्मारक सभा भवन में आयोजित है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और महापौर मीनल चौबे के हाथों में स्वच्छता दीदी और सफाई मित्रों को सम्मानित होने का अवसर मिलेगा। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे नगर निगम क्षेत्र की स्वच्छता दीदियो और सफाई मित्रो का सम्मान इस मौके पर करेंगे। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, आयुक्त विश्वदीप आदि उपस्थित रहेंगे

### ब्राह्मण समाज ने भागवताचार्य को दिया स्वर्ण दंपति सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने बेलगांव (साजा) निवासी भागवताचार्य पं. कृष्णा प्रसाद शुक्ला और चंद्रावली शुक्ला को स्वर्ण दंपति सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें विवाह के 50 वर्ष पूर्ण होने पर दिया गया। साथ ही परिवार द्वारा 500 नग पौधे रोपे गए। समाज की अध्यक्ष भारती किरण शर्मा सहित अनेक अतिथियों एवं ब्राह्मण समाज के दूरदराज से आए समाजजनों ने अतिथियों का स्वागत किया। पं. शुक्ला दंपति महामाया मंदिर रायपुर के ज्योतिषी एवं भागवताचार्य समाजसेवी पं. मनोज शुक्ला, पं. चंद्रशेखर शुक्ला, संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चंद्रभूषण शुक्ला, पं. राजेश शुक्ला, ममता पांडेय व माया तिवारी के माता-पिता हैं।

### गुरदीप टुटेजा बने सिख काउंसिल के जिलाध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल के प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें प्रमुख रूप से छग सिख काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, गगनदीप सिंह, भूपेंद्र सिंह मक्कड़, जसप्रीत सिंह सलूजा, कंवलजीत सिंह बांगा, जस्सी खनूजा, दलविंदर बेदी, कुलवंत छाबड़ा, सुरजीत छाबड़ा, मनजीत सिंह सैनी, योगेश सैनी, चिंटू राजपाल, मनवेंद्र सिंह शामिल हुए। इस संबंध में काउंसिल के महासचिव गगन सिंह हंसपाल ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि बैठक में चर्चा के बाद छग सिख काउंसिल के रायपुर जिलाध्यक्ष पद पर गुरदीप सिंह टुटेजा की नियुक्ति की गई।



### दीपिका अवधिया को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस एवं इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की शोधार्थी दीपिका अवधिया ने 'फोरकास्टिंग लांग रेंज मानसून रेनफॉल ओवर मैनपाट ऑफ छत्तीसगढ़ इंडिया यूसिंग डिप लर्निंग' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। यह शोधकार्य उन्होंने प्रोफेसर विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश चंद्राकर के निर्देशन में पूर्ण किया। वे वर्तमान में अग्रसेन महाविद्यालय के कंप्यूटर संकाय में बतौर सहायक प्राध्यापक और एनएसएस प्रभारी कार्यरत हैं।



# एनएमसी का अलर्ट, विदेश के चार विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस करना पड़ सकता है भारी

## एनएमसी के निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करते बेलीज और उजबेकिस्तान के शिक्षण संस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करने वाले विदेश के चिकित्सकीय शिक्षण संस्थानों में एमबीबीएस की पढ़ाई करना भारतीय छात्रों को भारी पड़ सकता है। एनएमसी द्वारा जारी की गई चेतावनी में कहा गया है कि इन शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र भारत में पंजीकरण के लिए अयोग्य हो सकते हैं। इसीलिए एडमिशन लेने से पहले विदेश के शिक्षण संस्थानों की पूरी जांच की जाए।

एनएमसी द्वारा जारी चेतावनी पत्र में बेलीज (मैक्सिको) के सेंट्रल अमेरिकन हेल्थ एंड साइंसेज यूनिवर्सिटी, कोलंबस सेंट्रल यूनिवर्सिटी, वाशिंगटन यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ एंड साइंसेज एवं उजेबकिस्तान के ताशकंद स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी की चिरचिक शाखा में प्रवेश लेने से बचने की नसीहत दी है। विदेश में पढ़ाई करने में दिलचस्पी रखने वाले छात्र पाठ्यक्रम की अवधि, शिक्षण का माध्यम, पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या, इंटर्नशिप व्यवस्था की वजह से भारत में पंजीयन के लिए अयोग्य हो जाते हैं। इसके बाद भी उनके द्वारा एनएमसी के मानकों को पूरा नहीं करने वाले विदेशी चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश लेना जारी रखते हैं। हाल ही में मेक्सिको स्थित भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय के यूरेशिया प्रभाग द्वारा चिकित्सा संस्थाओं को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की गई है।

### प्रदेश के 13 कालेजों को मान्यता

इधर वर्ष 2025-26 में एमबीबीएस प्रवेश के लिए राज्य के 14 मेडिकल कालेजों को एनएमसी मान्यता मिल चुकी है। इसमें दस शासकीय और चार निजी चिकित्सा महाविद्यालय है। एक निजी कालेज को सीबीआई रेड की वजह से जीरो ईयर के दायरे में रखा गया है। इसके अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की 125 सीटों को मान्यता प्रदान की गई है।




**बड़ी संख्या में जाते हैं विदेश :** छत्तीसगढ़ से हर साल बड़ी संख्या में छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए विदेश जाते हैं। आमतौर पर इसके यूक्रेन और रशिया का चुनाव किया जाता है। कई छात्र विकल्प के रूप में उज्जबेकिस्तान का चयन भी करते हैं। वहां चिकित्सा की पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्रों के भारत के मेडिकल काउंसिल में पंजीयन और यहां प्रैक्टिस के लिए एमएमजी टेस्ट देना पड़ता है। प्रदेश से हर साल डाक्टरी की पढ़ाई के लिए विदेश जाने वालों की संख्या सौ से अधिक होती है।

### सावधानी बरतने की आवश्यकता

एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए दूसरे देश जाने वालों को इस बात की पुष्टि करना चाहिए कि शिक्षण संस्थान एनएमसी के मानकों पर खरे उतरते है अथवा नहीं। थोड़ी सी चूक बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है, समय-समय पर इसे लेकर काउंसिलिंग भी की जाती है।

**- डॉ. विनय वर्मा,** अध्यक्ष, फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एसोसिएशन

## डेढ़ दशक से शहरवासी त्रस्त, मुख्य मार्ग पर रोज लग रहा ट्रैफिक जाम

# छह महीने में तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का वादा हवा-हवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के जीई रोड स्थित तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का काम डेढ़ दशक बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। सड़क चौड़ीकरण के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और वर्तमान की भाजपा सरकार आम जनता से केवल वादे करते रही, सड़क पर रत्तीभर काम शुरू नहीं हो सका। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में 6 माह के अंदर तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का वादा किया, पर 5 माह बीतने के बाद भी इसमें धेलाभर काम शुरू नहीं हो पाया है। इसके कारण शहर के इस व्यस्तम मार्ग पर रोज सुबह-शाम हजारों लोग ट्रैफिक जाम लगने से परेशान हैं। यही नहीं, आसपास की दुकानों का कारोबार भी इससे प्रभावित हो रहा है, इसलिए आम नागरिकों के साथ कारोबारी भी सड़क चौड़ीकरण के पक्ष में हैं। तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का मामला बीरबल की खिचड़ी की तरह हो चला है जो पकने का नाम ही नहीं ले रही। पूववर्ती कांग्रेस शासन काल में भूपेश बघेल की सरकार के समय पूर्व महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने जोन स्तर पर सड़क चौड़ीकरण के लिए बाकायदा सर्वे कराया। प्रभावित व्यापारियों के साथ इस संबंध में पूर्व महापौर ने दो से तीन दौर की बैठक कर रायशुमारी भी की। इसके बाद निगम की टीम ने सड़क चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले 102 दुकानों व मकानों की नापजोख कर चिन्हांकन किया। यही नहीं, राजस्व विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने प्रभावित जगह के अधिग्रहण के लिए 120 करोड़ का मुआवजा तय किया। इसमें सड़क बनाने में 12 से 15 करोड़ का खर्च होने का अनुमान लगाया गया। 510 मीटर पेंच वाली सड़क को 25 मीटर चौड़ा करने की योजना रही। इस तरह 137 करोड़ खर्च कर तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का काम पूरा होता।

- भाजपा ने घोषणापत्र में 6 माह की समय सीमा में तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का किया था वादा

### शासन स्तर का मामला है

तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण शासन स्तर का मामला है। यह प्रक्रियाधीन है, इस पर काम चल रहा है।

**- मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम

### 5 महीने बीत गए, रत्तीभर काम नहीं



### 6 माह में सड़क चौड़ीकरण का वादा

भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में 6 माह की अवधि में तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का वादा किया है। पार्टी के घोषणापत्र में शहर की इस अहम समस्या को प्रमुखता से शामिल किया गया। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनट की बैठक में निर्णय लिया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति बनाकर मुआवजा व चौड़ीकरण के लिए जमीन की जरूरत का परीक्षण कराकर काम को आगे बढ़ाया जाएगा, पर इसके बाद आगे की प्रक्रिया शासन स्तर पर लंबित है।

# आरपीएफ ने ढाई वर्षों में किया 4.39 करोड़ का गांजा जब्त, 231 तस्करों में ओडिशा के सर्वाधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

रेलवे सुरक्षा बल ने ट्रेनों के जरिए गांजा तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। 'ऑपरेशन नारकोस' के तहत बीते तीन वर्षों में रायपुर रेलवे स्टेशन पर की गई अधिकतर कार्रवाई उड़ीसा से आने वाली ट्रेनों में हुई है। आरपीएफ के अनुसार गांजा तस्करी के मामले में उड़ीसा राज्य के तस्करों की संलिप्तता अधिक पाई गई है। इसी के चलते अब विशेष निगरानी उड़ीसा से आने-जाने वाली ट्रेनों पर रखी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि ऑपरेशन नारकोस के तहत नियमित जांच और विशेष दलों की तैनाती की जा रही है, ताकि नशे के इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।



### 10 दिनों में रायपुर में पौने सात लाख का गांजा जब्त

बीते 10 दिनों में आरपीएफ ने रायपुर सहित बिलासपुर और नागपुर मंडलों में संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल 72.70 किलोग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 15.31 लाख रुपये आंकी गई है। अभियान के तहत तीनों मंडलों में स्पेशल टास्क टीम गठित की गई है, जिसमें अपराध खुफिया शाखा और विशेष खुफिया इकाइयों को सक्रिय भूमिका में लगाया गया है। इस दौरान कुल 9 मामलों में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिसम्मत कार्यवाही की गई। रायपुर में 10 दिनों के भीतर हुई दो प्रमुख कार्रवाइयों में कुल 30 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग पौने सात लाख रुपये है।

### ढाई वर्षों में 4.39 करोड़ का गांजा जब्त

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन नारकोस अभियान विगत वर्षों से लगातार चलाया जा रहा है। वर्ष 2023 से लेकर अब तक यानी पिछले ढाई वर्षों 2023, 2024 व 2025 में इस अभियान के तहत कुल 4.39 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थों को जब्त किया गया है। इस दौरान 231 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्वाई की गई।

# 16 आईफोन मोबाइल के साथ ठग गिरफ्तार लोन फाइनेंस कराने के नाम पर करता था ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लाख रुपए कीमत के 16 आईफोन मोबाइल बरामद किया है। आरोपी महंगा मोबाइल की खरीदी कराने के लिए लोगों को लोन फाइनेंस कराने का झांसा देकर न केवल उनसे लोन की प्रक्रिया पूरी कराता था, बल्कि नए मोबाइल के साथ फोटो खिंचवाकर उन्हें मोबाइल नहीं दिलवाकर सिर्फ लोन की किस्त जमा कराता था।





### महिला की शिकायत पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

खम्हारडीह पुलिस के अनुसार कचना निवासी महेश्वरी फुटान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई ने एक लाख रुपए का एक मोबाइल लोन फाइनेंस में खरीदा था। इसके लिए उसने महेश्वरी को लालगंगा शॉपिंग मॉल में स्थित एचडीएफसी फाइनेंसर से मिलाया। फाइनेंसर ने बताया कि मोबाइल आसान किस्तों में मिल जाएगा। इसके बाद फायनेंस ने उससे दो मोबाइल के लिए लोन फार्म भराया। इस दौरान फायनेंसन ने नया मोबाइल के साथ महेश्वरी का फोटो भी खिंचा। इसके बाद फाइनेंसर ने महेश्वरी को बताया कि एक मोबाइल यहां और दूसरा मोबाइल भाठागांव स्थित क्रोमा दुकान से मिलेगा। महिला जब क्रोमा दुकान पहुंची तो वहां भी इसी प्रकार नया मोबाइल के साथ उसका फोटो लिया गया, लेकिन दोनों जगहों से उसे नए मोबाइल नहीं देकर यह कह दिया गया कि लोन फायनेंस होते ही उसे मोबाइल मिल जाएंगे। इस बीच कई महीने बीत गए महिला को एक भी मोबाइल नहीं मिला, बल्कि किस्त की राशि शुरू हो गई, जिसे वह पटाती रही। इसके बाद महेश्वर ने जब फाइनेंसर से मोबाइल को लेकर पतासाजी की, तो उसने बताया कि इस बारे में वह सिमरन जीत सिंह अजमानी उर्फ लवली 31 वर्ष निवासी महावीर नगर वसंत विहार कॉलोनी न्यू राजेंद्र नगर से बात करें। महेश्वरी ने जब लवली को लगाया तो पहले तो वह टालमटोल करते रहा फिर मोबाइल देने से इंकार कर अपना मोबाइल बंद कर दिया।

### आरोपी के विरुद्ध कई थानों में ठगी की शिकायत

पुलिस के अनुसार आरोपी लवली के विरुद्ध गोलबाजार सहित अन्य कई थानों में भी इसी प्रकार ठगी की शिकायत की गई है। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 318(4) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 16 आईफोन मोबाइल जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत 15 लाख रुपए है।

### भनपुरी की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

**रायपुर।** भनपुरी स्थित परदेशी भवन में महिलाओं ने सावन महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं, गिल्ली-डंडा, गेंड़ी दौड़, मटकाफोड़ आदि का आयोजन किया गया। सावन महोत्सव में महिलाओं ने सावन गीतों का गायन किया तथा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ. दीप्ति दुबे ने सम्मानित किया, साथ ही छाया साहू को सावन क्वीन की उपाधि से विभूषित किया गया।

**मध्य और गरीब वर्ग की पसंद 22 और 20 कैरेट के गहने**

# छत्तीसगढ़ में कम शुद्धता वाले सोने के जेवरों का क्रेज नहीं, 14 और 9 कैरेट के गहने बिकते ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

सोने की लगातार बढ़ती कीमत के कारण अब कम कैरेट वाले जेवरों का चलन बढ़ता जा रहा है। महानगरों में तो पहले से ही 14 कैरेट सोने के जेवरों का क्रेज है। अब तो हॉलमार्क ने 9 कैरेट सोने के जेवरों को भी मान्यता दे दी है, लेकिन जहां तक अपने राज्य छत्तीसगढ़ का सवाल है, तो यहां पर 14 कैरेट के जेवर पहले से ही नहीं चलते, 9 कैरेट के जेवरों का भी चलने का सवाल ही नहीं है।

राजधानी रायपुर के सराफा कारोबारियों के मुताबिक अपने प्रदेश के लोग कम शुद्धता वाले सोने के जेवर पसंद नहीं करते। मध्य और गरीब वर्ग ज्यादा शुद्धता वाले सोने के जेवर इसलिए पसंद करते हैं, ताकि वक्त पड़ने पर उसको बेचने की स्थिति में ज्यादा पैसे मिल सके। कम शुद्धता वाले जेवरों का क्रेज अमीर वर्ग में ज्यादा है, जो कई डिजाइन के जेवर रखते हैं और उनको इसको कभी बेचने की जरूरत नहीं पड़ती। सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। अब को इसकी कीमत लंबे समय से एक लाख के पार हो गई है। 24 कैरेट का सोना इस समय एक लाख तीन हजार के आस-पास है। वैसे 24 कैरेट सोने के जेवर आमतौर पर नहीं बनते हैं। इसको विनेश के लिए ही खरीदा जाता है। सोने के जेवर ज्यादातर 22 और 20 कैरेट सोने के बनते हैं।



### खास बातें

- कम शुद्धता वाले जेवरों का क्रेज अमीर वर्ग में ज्यादा
- 18 कैरेट सोने के भी जेवर बनते हैं लेकिन इसका इस्तेमाल नग वाले जेवरों में होता है

### कम कैरेट वाले सोने के जेवरों

छत्तीसगढ़ में कम 14 और 9 कैरेट वाले सोने के जेवरों का क्रेज नहीं है। मध्यम और गरीब वर्ग के लोग 22 और 20 कैरेट वाले सोने के जेवर ही खरीदते हैं ताकि वक्त पड़ने पर बेचने पर अच्छी कीमत मिल सके।

**- हरख मालू**, पूर्व अध्यक्ष, रायपुर सराफा

### किसमें कितनी शुद्धता

सोने में शुद्धता की बात की जाए तो करीब सौ फीसदी खरा सोना 24 कैरेट को ही माना जाता है। इसमें शुद्धता का प्रतिशत 99.9 रहता है। इसके बाद 23 कैरेट का नंबर आता है। इसकी शुद्धता 95.8 फीसदी रहती है। 22 कैरेट सोने में 91.06, 20 कैरेट में 83.03, 18 कैरेट में 75.00 फीसदी, 14 कैरेट में 58.05 और 9 कैरेट सोने में 37.5 फीसदी शुद्धता रहती है।

### 22 और 20 कैरेट के जेवरों का क्रेज

अपने राज्य छत्तीसगढ़ में 22 और 20 कैरेट सोने के जेवरों का ही चलन ज्यादा है। वैसे 18 कैरेट सोने के भी जेवर बनते हैं, लेकिन इसका उपयोग नग वाले जेवर बनाने के लिए किया जाता है। अब सोने की कीमत ज्यादा होने पर इसके दूसरे जेवर भी बनने लगे हैं। 18 कैरेट से नीचे वाले कैरेट 14 और 9 कैरेट के जेवर यहां नहीं बिकते हैं।

## मूणत की अगुवाई में बाजे-गाजे संग निकलेगी कांवड़ यात्रा

# रायपुर पश्चिम से निकलेगी बैंड बाजे के साथ कांवड़ यात्रा भोलेनाथ की महिमा का गुणगान, आकर्षक झांकी भी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार प्रातः 9:30 बजे गढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर से कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा मुख्य मार्ग गुढ़ियारी से होते हुए पड़ाव, शुक्रवारी बाजार, खालबाड़ा, रामनगर से ओवर ब्रिज तेलघानी नाका से होते हुए अग्रसेन चौक मार्ग, अमापारा, लाखेनगर, अश्वनी नगर मुख्य मार्ग से होकर बाबा हाटकेश्वर नाथ मंदिर पहुंचेगी। जहां भक्तगण जल अर्पण करेंगे। अलग अलग स्थान पर पुष्पवर्षा, आतिशबाजी और भंडारे की भी व्यवस्था की जाएगी।



राजधानी के हनुमान मंदिर गुढ़ियारी से 3 अगस्त को धूमधाम से भव्य कावड़ यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली जाएगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से लोककलाकारों की टोली बाबा की महिमा का गुनगान करने पहुंच रही है। रायपुर पश्चिम विधानसभा से विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में होने जा रहा है। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक राजेश मूणत ने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ को दिशा निर्देश दिए। रायपुर के सभी जिला एवं मंडल पदाधिकारियों को यात्रा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौपी गई। श्री मूणत ने इस मौके पर कहा कि कावड़ यात्रा का यह कार्यक्रम अपनी भव्यता के लिए सदैव राजधानी सहित आसपास चर्चित रहा है ,और यह आप सभी के परिश्रम और सहयोग से यह संभव हुआ है । श्री मूणत ने कहा इस वर्ष कावड़ यात्रा को और भी अधिक भव्यत प्रदान करने स्थानीय लोक कलाकारों के अलावा अन्य प्रदेशों के कलाकारों को भी अपनी प्रस्तुति देने निमंत्रित किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

# हेल्दी डाइट के लिए छोटे बदलाव जरूरी, बच्चों की नापसंद सब्जियों को टेस्टी बनाने दिए टिप्स



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस ने मानसून में स्वस्थ रहने के उद्देश्य से न्यू राजेंद्र नगर स्थित एक कुकिंग स्टूडियो में हेल्दी फूड वर्कशॉप का आयोजन किया। जहां महिलाओं ने हेल्दी फूड, ड्रिंक्स, टिक्की और स्प्राउट्स बनाने की विधियां सीखीं। शेफ दिशा जैन ने बच्चों द्वारा नापसंद की जाने वाली सब्जियों को रोचक तरीकों से पेश करने के टिप्स दिए। उन्होंने विभिन्न इंग्रेडिएंट्स और आकर्षक प्लेटिंग के माध्यम से व्यंजनों को स्वादिष्ट और पोषणयुक्त बनाने का तरीका बताया। वर्कशॉप की गेस्ट स्पीकर, न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन डॉ. शिल्पी गोयल ने स्वास्थ्यवर्धक आहार, संतुलित डाइट प्लान और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बताया कि रोजमर्रा के खानपान में छोटे-छोटे बदलाव करके न सिर्फ खुद को, बल्कि पूरे परिवार को भी स्वस्थ रखा जा सकता है।

### ऑफिस लंच के लिए सलाद जार

वर्कशॉप में शेफ दिशा जैन ने 3 से 6 हेल्दी रेसिपीज बनाने की कला सिखाई। उन्होंने ग्वावा चिली शॉट ड्रिंक बनाते हुए बताया कि पहले अमरूद का गाढ़ा जूस तैयार करें, फिर उसमें नींबू रस, सेंधा व काला नमक, भुना जीरा पाउडर और चिली फ्लेक्स मिलाकर ब्लेंड करें। इसे आइस क्यूब और मिंट के साथ सर्व करें। यह ड्रिंक स्वादिष्ट और सेहतमंद होती है। बच्चों के ब्रेकफास्ट और ऑफिस लंच के लिए सलाद जार बनाना सिखाया गया, जिसमें लेयर के रूप में पत्ता गोभी, खीरा, चेरी टमाटर, भीगे हुए मूंग और कोदो जैसी हेल्दी सामग्री रखी जाती है। ऑवरनाइट स्मूदी जार के लिए उन्होंने ओट्स और दूध को मिलाकर उसमें चिया सीड्स डालने और रातभर फ्रिज में रखने की विधि बताई। परोसते समय पहले ओट्स-मिल्क मिक्सचर, फिर चिया सीड्स और फिर मौसमी फलों की लेयर तैयार करें। ऊपर से हल्का शहद मिलाकर सर्व करें। वर्कशॉप के बाद सभी महिलाओं ने हेल्दी कुकिंग को एंजॉय करने के लिए सिखाई रेसिपी को बनाया।

> भाई-बहन का पावन पर्व रक्षाबंधन आगामी 9 अगस्त को धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। बहनें अपने राजा भइया की हाथों के लिए रेशम की धागे पर तुलसी, चंदन, सोने-चांदी जड़ित राखियां बांधने की तैयारी कर रही हैं। रक्षाबंधन पर्व के लिए 15 दिन पहले ही शहर के प्रमुख बाजारों की गिफ्ट, फैंसी शॉप, स्टॉल्स पर राखियों की दुकानें सज गई हैं। वहीं सराफा बाजार में भी रक्षाबंधन पर्व पर रौनक बढ़ गई है, इसकी वजह भाइयों के लिए बहनों की सोने-चांदी वाला प्यार है।

# भाई के लिए बहन का सोने-चांदी वाला प्यार, ज्वेलरी शोरूम से ऑर्डर पर तैयार करा रहीं डिजाइनर राखियां

## आर्टिफिशियल राखियों और कुमकुम-चंदन की खरीदारी भी

**रायपुर।** बहनें ज्वेलरी शोरूम में अपने भाइयों के लिए डिजाइनर सोने-चांदी की राखियों की खरीदारी करने पहुंच रही हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष व कारोबारी सुरेश भंसाली ने बताया कि भाइयों के लिए डिजाइनर राखियां तैयार करने 15 दिन पहले ग्राहकों से ऑर्डर लिया जा रहा है। ग्राहकों के बजट के अनुरूप पसंद की डिजाइन में सोने-चांदी की राखियां तैयार की जा रही हैं। वहीं परमानेंट डिजाइन वाली चांदी-सोने की राखियां ऑन स्पॉट शोरूम में ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। पिछले 5 सालों में सोने-चांदी की डिजाइनर राखियों की डिमांड बढ़ी है। ग्राहकों की डिमांड पर एक से बढ़कर एक डिजाइन की राखियां न्यूनतम व अधिकतम बजट पर तैयार की जा रही हैं। मंगलवार को सोना प्रति दस ग्राम 24 कैरेट 99900 से 103200 रुपए और चांदी 116000 प्रति किलोग्राम रहा।



### मेरे राजा भइया, स्वास्तिक, ओम की डिजाइन वाली राखियों की डिमांड

*रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष व कारोबारी सुरेश भंसाली ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर हर वर्ग के ग्राहक सोने-चांदी, डायमंड तक की राखियां 15 दिन, महीनेभर पहले ऑर्डर पर अपनी मनपसंद डिजाइन की राखियां बनवा रहे हैं। इसमें मेरे राजा भइया, स्वास्तिक, गणेशजी, ओम साइन, घुंघरू, स्टोन जड़ी डिजाइनर ज्वेलरी की राखियों की अधिक डिमांड है। वहीं चांदी, सोने की राखियां लेने शोरूम पर पहुंचने वाले ग्राहकों के लिए परमानेंट डिजाइन की राखियां डिजाइन की हुई उपलब्ध कराई जा रही हैं।*

### 2000 से 25 हजार रुपए तक की राखियां

*रायपुर सराफा कारोबारी प्रकाश गोलछा ने बताया कि रक्षाबंधन पर चांदी की राखियों में 200 से 1000 हजार रुपए कीमत की रेंज में शोरूम में राखियां उपलब्ध हैं। वहीं सोने की राखियां 2 हजार से 25 हजार रुपए की रेंज में उपलब्ध हैं। सराफा बाजार में सोने-चांदी के भाव के अनुरूप वजन के हिसाब से चांदी-सोने की राखियां शोरूम में ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्राहक की पसंद व बजट के हिसाब से चांदी व सोने की राखियां तैयार की जा रही हैं। महंगे भाव के बाद भी चांदी-सोने की राखियों की अच्छी डिमांड देखने को मिल रही है।*

### रक्षाबंधन पर उपहार देने भाइयों की भी तैयारी

रक्षासूत्र बांधने पर बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार देने भाइयों ने भी ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, मोटर बाइक जैसे सेक्टर में खूब खरीदारी शुरू कर दी है। सराफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक, गिफ्ट शॉप, कपड़ा कारोबारियों का कहना है कि बहनों के साथ-साथ भाई भी रक्षाबंधन की तैयारी में जुटे हुए हैं। भाई भी बहनों को उपहार देने आकर्षक व उनकी पसंद की ज्वेलरी, मोबाइल, लैपटॉप, स्कूटी, बाइक, बुक्स, पेन जैसे उपहार मार्केट से कैरी कर रहे हैं, ताकि रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई-बहनों की खुशियां दोगुनी हो जाएं।



### रेशम और आर्टिफिशियल ज्वेलरी से सजी राखियां भी

*शहर के मालवीय रोड, भाठागांव मार्केट चौक, पचपेड़ीनाका रोड, संतोषी नगर रोड, रायपुरा-महादेवघाट रोड के लगभग सभी चौक-चौराहों, मार्केट प्लेस पर राखियों के स्टॉल सज गए हैं, जहां रेशम, तुलसी की लकड़ियों और आर्टिफिशियल मेटल ज्वेलरी की 5 रुपए से 500 रुपए तक की राखियां बिक रही हैं।*

*मालवीय रोड स्थित राखी स्टॉल के संचालक विनोद अग्रवाल ने बताया कि राखियों का बाजार सज गया है। महीनेभर पहले से ही राखियों की खरीदी-बिक्री शुरू हो जाती है। रक्षाबंधन पर्व के लिए भाइयों को तिलक लगाकर पूजा करने के लिए कुमकुम, चंदन, नए बर्तन आदि सामग्री की खरीदारी की जा रही है।*

## सिटी इवेंट

# मैक्रम आर्ट को लेकर गर्ल्स में बढ़ा क्रेज, घरों को सजाने तैयार कर रहीं डेकोरेटिव आइटम



**रायपुर।** घरों को सजाने इस्तेमाल की हैंडीक्रॉप्टेट सामग्री तैयार करना गर्ल्स को बेहद पसंद होता है। यही वजह है कि मैक्रम आर्ट को लेकर गर्ल्स में इसका क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। आज हर घर में नई जनरेशन की गर्ल्स मैक्रम आर्ट्स का प्रशिक्षण लेकर तरह-तरह के होम डेकोरेटिव आयटम तैयार कर रही हैं। शहर की मैक्रम कला की आर्टिस्ट और प्रशिक्षक पूजा अग्रवाल का कहना है कि ऊन या दूसरी क्रॉप्टेड रस्सियों में गांठ बांधकर या उनकी बुनाई करके अलग-अलग तरह के डेकोरेटिव आइटम जैसे वॉल हैंगिंग, मिरर फ्रेम, फ्लॉवर पॉट और अन्य शोपीस तैयार किए जाते हैं। ये घर में नेचुरल लुक क्रिएट करने में मदद करते हैं। खासकर जो लोग अपने घर को बोहो लुक देना चाहते हैं, उनके लिए ये परफेक्ट है। ये एक प्रकार की हस्तकला है, जिसमें धागे एवं रस्सियों के प्रयोग से गांठें बनाई जाती हैं। रस्सियों में गांठ बनाकर या बुनाई करके डेकोरेटिव आइटम और फंक्शनल आइटम बनाए जाते हैं। इनकी मदद से अलग-अलग प्रकार के पैटर्न और डिजाइन बनाई जाती हैं। घर की बाल्कनी, कमरे या लिविंग एरिया का अट्रेक्शन बढ़ाने नेचुरल हाईक्वालिटी कॉटन से तैयार किए जाने वाले हैंडमेड, इको फ्रेंडली, ड्यूरेबल डेकोरेटिव आइटम नेचर से कनेक्ट करते हैं। अगर आप बोहो स्टाइल होम डेकोर करना चाहते हैं तो ये आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन है। मैक्रम आर्टिस्ट के मुताबिक, इस आर्ट को सीखकर अपने घरों के अलावा मार्केट में सेल के लिए भी डेकोरिटिव आयटम तैयार किए जा सकते हैं। इस आर्ट्स से बने होम डेकोरेटिव आयटम की अच्छा डिमांड है।

> रस्सियों में गांठें बांधकर डेकोरेटिव आइटम, वॉल हैंगिंग, मिरर फ्रेम, फ्लॉवर पॉट और अन्य शोपीस तैयार कर रहीं

### दीवारों के आकर्षण में लग जाएंगे चार-चांद

*वॉल हैंगिंग डेकोर आइटम से घरों की दीवारों के आकर्षण में चार-चांद लग जाएंगे। ये हैंडमेड वॉल डेकोर फेदर के साथ वुडन बीड्स लगाकर अट्रेक्टिव बन जाते हैं। हरे, सफेद रंग के काम्बिनेशन में परफेक्ट वॉल डेकोर है, जो सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके अलावा फ्लॉवर पॉट और प्लांट्स को डेकोरेट करने के लिए एक परफेक्ट वॉल हैंगिंग है। वहीं आप चाहे तो इस पर अन्य डेकोरेटिव आइटम भी सजा सकते हैं।*

### पॉजिटिविटी को करते हैं अट्रेक्ट

*इस आर्ट से तैयार होम डेकोरेटिव आयटम सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ पॉजिटिविटी को भी अट्रेक्ट करते हैं। साथ ही ये एक यूनिक गिफ्टिंग आइटम है, जो लोगों को बेहद पसंद आता है। वॉल हैंगिंग एक प्रीमियम डेकोरेट आइटम है, जिसे आप अपने कमरे, लिविंग रूम या बाल्कनी की दीवारों को डेकोरेट करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इस आर्ट्स को होम डेकोरेशन में अहम माना जाता है।*

# बच्चों को सफल होने से पहले असफल होने का हुनर सिखाइए

*रायपुर। मशहूर अभिनेता आशुतोष राणा बतौर मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर राणा ने शिक्षा और जीवन के मूल मंत्रों को साझा करते हुए युवाओं को सफलता के पीछे भागने से पहले असफलता का सामना करना सिखाने की सीख दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशुतोष राणा ने कहा, बच्चों को सफल होने से पहले असफल होने का हुनर सिखाइए। ऊपर चढ़ने से पहले नीचे उतरने की व्यवस्था सिखाइए और चक्रव्यूह में फंसने से पहले उसमें से निकलने का तरीका सिखाइए। जब यह सब सीख जाएंगे, तो जीवन में परम आनंद अवश्य मिलेगा। राणा ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहे, बल्कि बच्चों को व्यवहारिक जीवन के अनुभवों के लिए तैयार करना चाहिए. राणा के प्रेरणादायक विचारों ने सभी को गहराई से प्रभावित किया।*



# डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा डीएलएड (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष 2025 के परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी अपना रोल नंबर दर्ज कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अधिकृत वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। डीएलएड प्रथम वर्ष में इस वर्ष 3825 बालक और 3404 बालिकाओं सहित कुल 7229 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे। वहीं द्वितीय वर्ष की परीक्षा में 3438 बालक और 3732 बालिकाओं सहित कुल 7170 परीक्षार्थी शामिल हुए।



### जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा के परिणाम

पं. जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना यथा संशोधित-2021 के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा वर्ष 2025-26 के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी अपने परिणाम जगदलपुर के कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास शाखा कार्यालय के सूचना पटल पर देख सकते हैं। यदि किसी भी परीक्षार्थी को परिणाम से संबंधित कोई आपत्ति है तो वे सोमवार 28 जुलाई तक कार्यालयीन समय में अपनी दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

## सूखा आटा, फिंगर टेप, कलरफुल स्टिक्स, रेती, स्पंज बॉल, फिंगर गेम, इमोजी से कम समय में ही सीख रहे मासूम

कार्नर न्यूज

# प्ले ग्रुप में ही बच्चों को अक्षर ज्ञान, सुनने-बोलने और लिखने का फार्मूला सिखा रहे शिक्षक



**रायपुर।** शहर के स्कूलों में शिक्षण प्रणाली अब आधुनिक और नवाचार से परिपूर्ण होती जा रही है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही बच्चों की पढ़ाई को पारंपरिक पद्धति से हटाकर अब अधिक व्यावहारिक और सहज बनाया जा रहा है। शिक्षक अब बच्चों को पहले समझाते हैं, उसके बाद लिखने और याद करने की प्रक्रिया अपनाते हैं, जिससे बच्चों की सीखने की गति में सुधार देखा जा रहा है। नई पद्धति में बच्चों को शब्दों के अर्थ को प्रत्यक्ष अनुभव कराकर सिखाया जा रहा है, ऐसे में बच्चों को तकनीक उपकरणों की मदद से भी पढ़ाई कराई जा रही है। अक्षर ज्ञान के लिए संगीत और राइमिंग टेक्नीक का उपयोग किया जा रहा है, जिससे बच्चे दोस्तों के साथ खेल-खेल में सीखना पसंद कर रहे हैं। प्ले स्कूल में ही बच्चों को इमोजी के माध्यम से चेहरे के भाव और सामाजिक व्यवहार का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बदलते वक्त के साथ स्कूलों में बच्चों के बेहतर विकास को लेकर अधिक जोर दिया जा रहा है, जहां प्रारंभिक कक्षाओं से ही प्रत्येक विषयों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस स्थिति में कम उम्र से ही उन्हें स्पर्श, ध्वनि और दृश्य के माध्यम से सीखने का मौका मिल रहा है। ऐसे में कमजोर विद्यार्थी भी कम समय में आसपास की चीजों को देखकर रोजाना कुछ नया सीख रहे हैं।



### आटा, फिंगर टेप, कलरफुल स्टिक्स से अल्फाबेट का ज्ञान



किंडर वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्य रिचा शर्मा ने बताया कि बच्चों को सूखा आटा, फिंगर टेप और कलरफुल स्टिक्स की मदद से अंग्रेजी अल्फाबेट सिखाए जा रहे हैं, ताकि वे खेल-खेल में सीख सकें। वही हिंदी भाषा के अक्षरों को सिखाने के लिए फूलों का उपयोग किया जाता है, साथ ही स्वर और व्यंजन का ज्ञान सिखाने के लिए संगीत का सहारा लिया जाता है। समय-समय पर रंग पहचान के लिए अल्फाबेट गेम कराया जाता है, जिसमें विभिन्न रंगों के अक्षरों को पहचान कर उन्हें बॉक्स में फील करना होता है।

### स्कूलों में सुनने, बोलने और लिखने का फार्मूला

इन दिनों स्कूलों में तीन प्रमुख तत्वों के आधार पर पढ़ाई कराई जा रही है, जिसमें सुनना, बोलना और लिखना शामिल है। मिनी मार्वल्स से अनुभूति श्रीवास्तव ने बताया कि इन दिनों बच्चों को स्ट्रक्चर्ड और ऑब्जेक्टिव लर्निंग की मदद से व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। ऐसे में कविताएं, नाटक, ड्रॉइंग, इमोजी, क्ले और बॉक्स गेम जैसे क्रिएटिव आइडियाज के साथ सिखाया जा रहा है। क्लासरूम में बच्चों को चीजों को केवल देखकर नहीं, बल्कि स्पर्श और अनुभव करके समझने का प्रयास किया जाता है। जैसे हल्के पानी के भरे डिब्बों में फल, सब्जियां, पत्थर, रेत या पत्तियों को रखकर महसूस कराया जाता है। पहले बच्चे कक्षा 2 या 3 कक्षा से लिखना सीखते थे, लेकिन आधुनिकता के दौर में प्ले ग्रुप और नर्सरी कक्षा से ही बच्चों को लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाने लगा है।

## सिटी लाइव

# टेकफेस्ट में विज्ञान के प्रति बढ़ी रुचि, लाइव डेमो ने किया चकित



**रायपुर।** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में टेकफेस्ट वसुधा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ी परियोजनाओं, मॉडल, प्रयोगों और विचारों की प्रस्तुति दी। इस टेकफेस्ट से छात्रों को विज्ञान के बारे में बताने के साथ नए मॉडल पर काम करना सिखाया गया, जिसमें सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग, वर्चुअल रियलिटी जैसे प्रयोगों के बारे में बताया गया। सभी विद्यार्थियों के अंदर विज्ञान को जानने की लालसा दिखी। टेकफेस्ट द्वारा वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार को प्रोत्साहन देने की पहल की गई। इस आयोजन में शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

### रचनात्मक कार्य पर विद्यार्थी सम्मानित

स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। छात्रों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, संगीत एवं गायन, खेलकूद, नृत्य, रचनात्मक लेखन व अनेक श्रेणियों के लिए विद्यालय द्वारा सम्मान दिया गया। यह सफलता विद्यार्थियों के लगन व जुनून को दिखाती है। इस टेकफेस्ट में विद्यार्थियों ने विज्ञान के साथ और अन्य गतिविधियों से समझा। आयोजन की शुरुआत स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान के प्रेरणादायी शब्दों से हुई। उन्होंने कहा कि हर छात्र को भारतीय मूल्यों व शिक्षा के महत्व को जानना महत्वपूर्ण है। हर पुरस्कार उपलब्धि के साथ विद्यार्थियों का सम्मान प्रतीक है। आयोजन में प्राचार्य अर्पिता समेत छात्र, शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

## पुनर्विवाह को लेकर नई पहल, विभिन्न समाजों में हर साल 60 से अधिक विधवा और तलाकशुदा का हो रहा विवाह

# तलाकशुदा को मिल रहा सामाजिक समर्थन, काउंसिलिंग से बदल रही सोच, सास-ससुर भी बहू को बेटी मानकर कर रहे विदा

**बदलते समय के साथ समाज में पुनर्विवाह को लेकर सोच में सकारात्मक बदलाव देखा जा रहा है। अब विधवा और तलाकशुदा बेटियों को नई पहचान और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में समाज खुद आगे आ रहा है। समाज द्वारा सामूहिक पुनर्विवाह आयोजनों के जरिए बेटियों को दूसरा मौका दिया जा रहा है। मराठी समाज के कई परिवारों ने अपनी विधवा बहुओं का कन्यादान कर उन्हें बेटी की तरह विदा किया है, तो वहीं नामदेव समाज में अब कुंवारे युवक भी विधवा और तलाकशुदा महिलाओं से विवाह के लिए आगे आ रहे हैं।**

### 2 सालों में 70 से अधिक विधवा और तलाकशुदा पुनर्विवाह

नामदेव समाज के सदस्य धर्मेश नामदेव ने बताया कि समाज में विवाह योग्य युवक-युवतियों के बीच असंतुलन की स्थिति बन रही है। गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों में युवतियों की संख्या कम है, जिसके कारण वहां कई कुंवारे युवक विवाहित महिलाओं को भी जीवनसाथी के रूप में स्वीकार कर रहे हैं। ऐसे में अगर उन महिलाओं के बच्चे हैं, तो उन्हें भी गोद लिया जा रहा। यह समाज की पहल है, ताकि विवाह के बाद तलाक या विधवा जैसी घटनाओं के बाद उनका जीवन संवर सके। छत्तीसगढ़ में समाज के सदस्यों की संख्या कम होने के कारण अन्य राज्यों में होने वाले सामूहिक विवाह में सदस्य शामिल होते हैं। वहीं, हर साल 50-60 स्थानों पर यह आयोजन किया जाता है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की बेटियां मध्यप्रदेश, राजस्थान व गुजरात जा रही हैं। एक-दो वर्ष में लगभग 60-70 से अधिक विधवा और तलाकशुदा बेटियों का पुनर्विवाह कराया गया है।

**रायपुर।** चूड़ी प्रथा की परंपरा सतनामी समाज की है, जहां वर पक्ष, वधु को विवाह सामग्री देकर परिवार की सहमति से अपनाता है। यह परंपरा अब अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणा का विषय बना हुआ है। महाराष्ट्र मंडल के सचिव चेतन दंडवते ने बताया कि समाज में पुनर्विवाह को लेकर लगातार आयोजन किए जा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से परिवारों की काउंसलिंग कर पुनर्विवाह के लिए प्रेरित किया जाता है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी मंडल द्वारा सहायता किया जाता है। वहीं, कुछ स्थिति में मंडल के सदस्यों ने वधुओं का कन्यादान भी किया है। अब तक 50 से अधिक पुनर्विवाह समाज



के सदस्यों ने कराया है। वहीं, मराठी समाज के कई परिवारों ने अपनी विधवा बहुओं का विवाह बेटी की तरह धूमधाम से भी किया है। काउंसलिंग के दौरान कई बार दो परिवारों को आपसी बातचीत और समझ से जोड़ा जाता है और सामाजिक एवं पारिवारिक सहमति के बाद एकल रूप से पुनर्विवाह संपन्न कराया गया।



### दोबारा विवाह के लिए समाज कर रहा काउंसिलिंग

सतनामी समाज में तलाकशुदा और विधवा महिलाओं के पुनर्विवाह को लेकर जागरूकता का वातावरण बन रहा है। समाज के चेतन चंदेल ने बताया कि कई महिलाएं हादसों या जीवन की कठिन परिस्थितियों के बाद दोबारा विवाह नहीं करना चाहतीं, लेकिन काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें मानसिक और भावनात्मक रूप से इसके लिए तैयार किया जा रहा है। आज वर-वधू पक्ष के परिजन पहले की तुलना में अधिक जागरूक हो गए हैं। इन दिनों शिक्षित और जागरूक समाज के सदस्यों की पहल के चलते कई परिवारों ने बहू को बेटी के समान मानते हुए पुनर्विवाह के लिए प्रेरित किया है। विशेष रूप से तलाकशुदा और विधवा महिलाओं को 'चूड़ी प्रथा' के माध्यम से दोबारा समाज में सम्मानपूर्वक स्थान दिया जा रहा है। पिछले 2-3 वर्षों में इस पहल के तहत 100 से अधिक परिवारों ने चूड़ी प्रथा के माध्यम से महिलाओं को पुनः अपनाया है।



### कुनबी समाज में हर साल 30-40 विधवा व तलाकशुदा विवाह

प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव अमित डोये ने बताया कि समाज में कम उम्र में विधवा हुई महिलाओं के लिए विशेष सामाजिक पहल की जा रही। समाज द्वारा हर साल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाता है, जिसमें योग्य वर और वधू को पुनर्विवाह के लिए एक मंच पर लाया जाता है। इस परिस्थिति को देखते हुए सामाजिक स्तर पर पांच सदस्यों की समिति बनाई गई है। जिसमें डॉक्टर, वकील और काउंसलर शामिल हैं, जो पुनर्विवाह से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हैं। समाज प्रत्येक वर्ष निशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन करता है। ऐसे में हर साल 30-40 विधवा व तलाकशुदा महिलाओं का सफल विवाह कराया जाता है।

### साहू समाज में विधवा पुनर्विवाह योजना की शुरुआत

साहू समाज से देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि समाज को बेहतर बनाने की दिशा में विधवा पुनर्विवाह योजना की शुरुआत की गई है। इसमें तलाकशुदा और विधवा बेटियों का पुनर्विवाह कराया जाता है। ऐसे में समाज निशुल्क आदर्श विवाह कराता है, ताकि नया जीवन दिया जा सकें।

## सिटी इवेंट

# तिलक-आजाद जयंती पर कथक नृत्य व गायन आज

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की ओर से महापुरुषों की जयंती आयोजन के क्रम में बुधवार, 23 जुलाई को बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर वेस्टइंडीज के त्रिनिदाद-टोबैगो से पहुंचे कलाकार कथक नृत्य और हारमोनियम पर अपनी प्रस्तुति देंगे। त्रिनिदाद से पहुंचे कलाकारों के साथ भिलाई और रायपुर के कलाकार भी अलग-अलग वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुति देंगे। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने बताया कि चौबे कालोनी स्थित मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में बुधवार, 23 जुलाई को शाम 6 बजे से बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर कथक नृत्य और शास्त्रीय गायन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर लोकमान्य बालगंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद पर अतिथियों का संक्षिप्त संबोधन भी होगा।



### वेस्टइंडीज से पहुंची कलाकार देंगी कथक की प्रस्तुति

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र छत्तीसगढ़- मध्यप्रदेश के स्टेट डायरेक्टर अतुल निकम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले करेंगे। परितोष कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में वेस्टइंडीज के त्रिनिदाद से पहुंची सुसान मोहिप कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। वहीं त्रिनिदाद निवासी भारतीय मूल के राणा मोहिप हारमोनियम में संगत देंगे। कार्यक्रम में भिलाई की साधना रहाटगांवकर का सुगम और भक्ति गायन भी सुनने को मिलेगा। इनके साथ पं. अवध सिंह ठाकुर, शरीफ हुसैन और डा. बिहारी लाल तारम बांसुरी के बासुंरी की धुन सभी को सुनने मिलेगी।

# भौतिकता की दौड़ में नैतिकता और आत्मिक चेतना पीछे छूटती जा रही

**रायपुर।** श्री विमलनाथ जैन मंदिर में चल रहे चातुर्मास में मंगलवार को धार्मिक विचारक पूज्यतीर्थ प्रेम विजयजी ने कहा कि जिस व्यक्ति का परिवार धर्म में सहायक हो, धर्म में बाधा न डाले, सदाचारी हो, वह व्यक्ति बिना किसी व्यवधान के आत्मिक उन्नति कर सकता है। आज के समय में जब भौतिकता की अंधी दौड़ में नैतिकता और आत्मिक चेतना कहीं पीछे छूटती जा रही है, ऐसे में सुपक्ष युक्तता, धर्मयुक्त परिवार का विचार अत्यंत प्रासंगिक और आवश्यक बन गया है। धर्मरत्न प्रकरणकार जैसे महान आचार्यों ने धर्म की प्राप्ति के लिए जिन गुणों को अनिवार्य माना है, उनमें सुपक्ष युक्तता एक अत्यंत महत्वपूर्ण गुण है। अनादिकाल से संसार में भ्रमण करती हुई आत्मा ने पाप की प्रवृत्तियों को ही अपना आधार बनाया है। ऐसे में यदि हम उसे धर्म के मार्ग पर अग्रसर करना चाहते हैं तो एक धर्ममय वातावरण अनिवार्य है, जैसे सर्दी के रोगी को दही से दूर रखा जाता है, वैसे ही आत्मा को पापी संग और कुसंस्कारों से दूर रखना आवश्यक है।



### धार्मिक प्रेरणा और सही संगति का महत्व

हर जीव के भीतर स्वतः धर्मभाव उत्पन्न नहीं होता, इसके लिए प्रेरणा और संगति का होना आवश्यक है। धार्मिक आत्माओं का सान्निध्य, सत्संग और परिवार की प्रेरणा व्यक्ति को धार्मिक गतिविधियों की ओर सहजता से ले जाती है। यदि पिछले जन्मों के कर्मवश व्यक्ति को धर्मी परिवार नहीं मिला हो तो उसे पुरुषार्थ से किसी धर्मात्मा का संग प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। धर्म कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आती। परिवार के संस्कार बच्चों में धार्मिकता विकसित करते हैं। माता-पिता द्वारा दिया गया धार्मिक वातावरण जीवनभर प्रभावी रहता है। धार्मिक चर्चा, व्रत, उपवास, सत्संग इन सबमें सहजता से रुचि पैदा होती है।

### संसार में त्याग करने की शक्ति हर किसी में नहीं होती



दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला में हंसकीर्ति श्रीजी धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का पठन कर रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को उन्होंने कहा कि संसार में त्याग करने की शक्ति हर किसी में नहीं होती। बहुत से लोग अपनी पूरी शक्ति को केवल स्वार्थसिद्धि में लगा देते हैं, लेकिन जब बात धर्म या आत्मिक उन्नति की आती है तो हम उसमें भी कोई न कोई स्वार्थ खोजने लगते हैं। हमारे भीतर बहुत कुछ कर जाने की क्षमता है, पर दुर्भाग्यवश हमारे पास कोई स्पष्ट और उच्च उद्देश्य नहीं होता। जब कोई स्वार्थ या भय सामने आता है, तब हम अपनी सारी शक्ति लगा देते हैं। यही शक्ति अगर धर्म और आत्मा की उन्नति में लगाई जाए तो जीवन का उद्देश्य पूर्ण हो सकता है।

# शरीर, मन और वाणी से की गई गुरुसेवा शास्त्र ज्ञान प्राप्त कराती है



**रायपुर।** श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर में चल रहे चातुर्मास प्रवचनमाला के क्रम में शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने विभिन्न प्रकार के शिवलिंगों की मार्मिक व्याख्या करते हुए गुरु को भी शिवलिंग बताया।

उन्होंने कहा कि शिष्य को गुरु की पूजा परमात्मा शिव के समान करनी चाहिए। गुरु ही परमात्मा शिव का स्वरूप माना जाता है। गुरु के शरीर को ही शिवलिंग समझना चाहिए। गुरु की सेवा गुरु लिंग की पूजा होती है। शरीर, मन और वाणी से की गई गुरुसेवा शास्त्र ज्ञान प्राप्त कराती है। अपनी शक्ति से शक्य अथवा अशक्त्य जिस बात का भी आदेश गुरु ने दिया हो, उसका पालन प्राण और धन लगाकर पवित्रात्मा से शिष्य को करना चाहिए। इस प्रकार गुरु के अनुशासन में रहने वाला शिष्य ही वास्तव शिष्य कहलाता है। शिष्य को निरंतर गुरु के सानिध्य में रहने के कारण उसे पुत्र भी कहा गया है। दो प्रकार की संतान होती है, एक नाद परंपरा की संतान और दूसरी बिंदु परंपरा की संतान।

बिंदु परंपरा की संतान गृहस्थों की होती है और नाद परंपरा की जो संतान हैं, वह गुरुओं की होती है, गुरु शिष्य के कान में मंत्र देकर उसके सूक्ष्म शरीर को बनाता है, इसलिए गुरु को भी पिता कहा जाता है।

### गुरु की सेवा ही परमात्मा की पूजा

*शरीर को उत्पन्न करने वाला पिता तो पुत्र को संसार के प्रपंच में डुबो देता है, किंतु ज्ञान देने वाला पिता गुरु संसार सागर से उसको पार कर देता है,इन दोनों पिताओं का अंतर जान कर शिष्य को गुरु रूपी पिता की सेवा करना चाहिए और अपने द्वारा कमाए हुए धन से, अपने शरीर से एवं मन, वाणी कर्म से समर्पित होकर अपने गुरु की विशेष सेवा करना चाहिए। गुरु की सेवा ही परमात्मा की पूजा मानी जाती है, गुरु का शेष जल तथा अन्न आदि से बना हुआ शिवोच्छिष्ट शिवभक्तों को और शिष्यों के लिए ग्राह्य तथा भोज्य है तथा आत्मशुद्धि करने वाला होता है। गुरु की आज्ञा के बिना उपयोग में लाया हुआ सबकुछ पदार्थ वैसा ही है, जैसे चोर चोरी करके लाई वस्तु का उपयोग करता है।*

# औषधियों के शोध कार्यों के लिए मिट्टी के बर्तन की मांग, चिकित्सा पद्धति में बढ़ा इस्तेमाल

**रायपुर।** सोसाइटी की लाइफ स्टाइल कितनी ही मॉर्डन क्यों न हो जाए, मिट्टी के बर्तनों की उपयोगिता हमेशा रही है और रहेगी। पूजा, अनुष्ठान, आयुर्वेदिक उपचार, शोध आदि कार्य के लिए मिट्टी के बर्तन का आज भी मांग पहले जैसी ही कायम है। पारंपरिक तौर पर मिट्टी के बर्तन निर्माण से जुड़े लोगों के लिए यह आज जीवकोपार्जन का एकमात्र साधन है। आम लोगों की जीवन में पूजा पाठ से जुड़ी विभिन्न प्रकार की सामग्री में मिट्टी के दीए, कलश, घड़े की जरूरत आज भी बनी हुई है। वहीं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में विविध तरह के बीमारियों का उपचार व औषधियों के शोधन कार्य के लिए मिट्टी के बर्तनों की जरूरत पड़ रही है, जैसे कि मिट्टी की पट्टी, मिट्टी स्नान, और औषधीय तेलों को गर्म करने के लिए मिट्टी का उपयोग किया





जा रहा है। हालांकि आधुनिक जीवनशैली के चलते मिट्टी की बर्तनों का उपयोग आमतौर पर कम हुआ है। इसके बावजूद मिट्टी से निर्मित सामग्री व उसके व्यवसाय से जुड़े लोगों की उपयोगिता व महत्व आज भी प्रासंगिक बनी हुई हैं और हमेशा इसकी प्रासंगिकता बनी रहेगी। आयुर्वेद के डॉ. त्रिभुवन सिंह पावले का कहना है कि मिट्टी के बर्तन प्राकृतिक रूप से छिद्रपूर्ण होते हैं, जो गर्मी और नमी को समान रूप से वितरित करने में मदद करते हैं, जिससे शरीर को डिटॉक्सिफाई करने और विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में मदद मिलती है।

### पूजा, अनुष्ठान और उपचार के लिए बर्तन ले रहे

*पारंपरिक व पुश्तैनी तौर पर मिट्टी बर्तन निर्माण से जुड़ीं 53 वर्षीय अनुसुईया चक्रधारी बताती हैं कि मिट्टी के बर्तनों की मांग हर समय रहती है। लोग पूजा-अनुष्ठान और वैद्य-उपचार के लिए बर्तन खरीदने आते हैं। इसमें दीए, कलश, दूध पकाने के बर्तन, आयुर्वेदिक उपचार के बर्तन की मांग बनी हुई है। अभी तीजा-पोला में मिट्टी की बैल, सावन पूजा के लिए शिवलिंग, कलश आदि निर्माण किए जा रहे हैं। अलग-अलग त्योहारों के अवसर पर मांग के अनुरूप मिट्टी की बर्तन व सामग्री तैयार करते हैं।*

### मिट्टी के बर्तन में तैयार करते हैं आयुर्वेदिक भस्म

*आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय की रसशास्त्र एवं भेषज्य विभाग की डॉ. नम्रता कंवर ने बताया कि मधुमेह की उपचार के लिए धातुओं से आयुर्वेदिक महत्व की भस्म तैयार करने मिट्टी के बर्तन का उपयोग करते हैं। इससे शुद्धता के साथ उपयोगी भस्म तैयार करने में मदद मिलती है।*

# नेपाली महिलाओं ने हरियाली उत्सव धूमधाम से मनाया

**रायपुर।** सावन के दूसरे सोमवार पर नेपाली महिलाओं के समूह ने हरियाली उत्सव धूमधाम से मनाया। यह कार्यक्रम होटल रॉयल तेलीबांधा में आयोजित किया गया। इस उत्सव में महिलाओं के ग्रुप ने कई गेम्स खेले, जिसमें मिसेज इवनिंग प्रतियोगिता में महिलाओं ने भाग लिया। खेल के दौरान महिलाओं ने खूब एंजाय किया। इस उत्सव में महिलाओं के साथ बच्चों ने भी खूब मस्ती की। कार्यक्रम के दौरान सभी के चेहरों पर मुस्कुराहट नजर आ रही थी।



**मिसेज इवनिंग की विनर बनीं शोभा और बबीता**

*कार्यक्रम में विजेता महिलाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मिसेज इवनिंग के विनर शोभा पांडे और बबीता सिंह रहीं, जिनके श्रृंगार, साड़ी के पहनावे को सभी ने पसंद किया। कार्यक्रम का संचालन वंदना, नेहा, रेनू, शिवानी और सविता द्वारा किया गया।*



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## येलोस्टोन स्टार जोश लुकास ने वेटिकन सिटी में ब्रायना रफालो से रचाई शादी



हॉलीवुड अभिनेता जोश लुकास, जो 'येलोस्टोन' और 'स्वीट होम अलबामा' फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने हाल ही में टीवी मौसम विज्ञानी ब्रायना रफैलो से वेटिकन सिटी में शादी कर ली। यह निजी समारोह उनके करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में हुआ। दोनों 2022 से एक-दूसरे के साथ थे।

34 साल की ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ₹श्रीमान और श्रीमती। कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी में यह पवित्र संस्कार करके हम बहुत खुश और धन्य हैं।₹ 54 साल के जोश ने जवाब में लिखा, ₹मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं! यह मेरे जीवन का सबसे खास दिन है। ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर जोश के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हम उन सभी लोगों के आभारी हैं, जिन्होंने कैथोलिक चर्च में हमें इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की। मैं जिस पैरिश में पली-बढ़ी, वहां के फादर विंटर्स, लॉस एंजिल्स के आर्चडायोसिस की सिस्टर एंजेलिका और आर्चडायोसिस के कई अन्य लोगों का बहुत आभारी हूं। हमारी शानदार वेडिंग प्लानिंग टीम, जिसने वेटिकन के साथ मिलकर काम किया। हमारी शादी के दिन को इतना खूबसूरत और आसान बनाने के लिए शुक्रिया।'

शादी में जोश ने काला टक्सीडो पहना, जबकि ब्रायना ने स्ट्रैपलेस लेस गाउन में सबका दिल जीता। एक तस्वीर में ब्रायना लेस की छतरी पकड़े दिखीं और जोश उनके साथ खुशी से मुस्कुरा रहे थे। जोश ने 19 जुलाई को अपने पोस्ट में इस दिन को 'सपने जैसा' बताया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो साल तक डेटिंग के बाद जून 2024 में इस जोड़े ने सगाई की थी।

### टॉलीवुड

## कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे सुपरस्टार अजित कुमार, इस नेक काम के लिए हो रही वाहवाही



साउथ के सुपरस्टार और रेसर अजित कुमार की कार इटली में एक रेस में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में वह सुरक्षित बच गए। यह हादसा जीटी4 यूरोपियन सीरीज रेस के दौरान हुआ। वह सीरीज के दूसरे राउंड में मिसानो ट्रैक पर हादसे में बाल-बाल बच गए। हालांकि, तमिल स्टार ने दुर्घटना के बाद ट्रैक से मलबा हटाने में मदद की। इसके लिए उनकी काफी तारीफ हो रही है।

जीटी4 यूरोपियन सीरीज के आधिकारिक एक्स पेज ने अजित की कार दुर्घटना के बाद का एक वीडियो शेयर किया है। वह ट्रैक पर खड़ी एक कार से टकरा गए थे, लेकिन उन्हें चोट नहीं आई। वीडियो पोस्ट करते हुए पोस्ट में लिखा 'नुकसान के साथ रेस से बाहर, लेकिन फिर भी उन्होंने सफाई करने में मदद की। इससे खुशी हो रही है। अजित कुमार को पूरा सम्मान।' वीडियो में अजित अपनी कार के पास खड़े होकर मलबे का जायजा लेते हुए देखे जा सकते हैं।

पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने कहा 'अजित कुमार कार से बाहर हैं, रेस से बाहर हैं। असल में इस साल हमने उन्हें पहली बार इतना बड़ा नुकसान होते देखा है।' अजित ने रेस ट्रैक से मलबा हटाने में मदद की। इस पर एक यूजर ने कमेंट किया और लिखा 'क्योंकि वह एक अच्छा लड़का है, वह जाकर सफाई में मदद करता है। ज्यादातर ड्राइवर ऐसा नहीं करते।'

अजित ने पहली बार 2003 में फॉर्मूला बीएमडब्ल्यू एशिया के साथ रेसिंग में कदम रखा और 2010 में फॉर्मूला 2 चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। उन्होंने एक ब्रेक लिया और इस साल 24एच सीरीज के साथ वापसी की। अजित कुमार को इसी साल साउथ की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' में देखा गया था। फिल्म ने अच्छी कमाई की थी।

### भोजपुरी

## खेसारी के साथ लिंकअप की अफवाहों के बीच बोलीं आकांक्षा- प्यार करती हूं...



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और आकांक्षा पुरी के बीच ऑन स्क्रीन बॉन्डिंग के साथ-साथ ऑफ स्क्रीन भी कमाल की बॉन्डिंग है। इनकी दोस्ती और करीबी को देख इनके लिंकअप की अफवाहें सामने आती रहती हैं। इस पर आकांक्षा ने चुप्पी तोड़ी है।

भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार खेसारी लाल यादव और बिग बॉस ओटीटी की प्रतिभागी रहीं आकांक्षा पुरी दर्शकों की पसंदीदा ऑनस्क्रीन जोड़ी बन चुकी है। भोजपुरी फिल्म 'राजाराम' के 'चुम्मा-चुम्मा' गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक थी। फिर, फिल्म 'अग्नि परीक्षा' में भी दोनों साथ हैं। फिल्मों से अलग ऑफ स्क्रीन भी दोनों के बीच कमाल की दोस्ती है। इनकी बॉन्डिंग देख इनके अफेयर की अफवाहें समय-समय पर होती रहती हैं। ऐसी खबरों पर हाल ही में आकांक्षा पुरी ने प्रतिक्रिया दी है। आकांक्षा पुरी और खेसारी लाल यादव की केमिस्ट्री न सिर्फ पर्दे पर कमाल की है, बल्कि फिल्मों से अलग निजी जिंदगी में भी दोनों करीबी दोस्त हैं। खेसारी और आकांक्षा का जिम में साथ वर्कआउट करते हुए एक वीडियो काफी वायरल हुआ था, जिस पर इन्हें ट्रोल किया गया। अक्सर दोनों को साथ में स्पॉट किया जाता है। इनकी नजदीकी पर न सिर्फ खेसारी के फैंस ने ऐतराज जताया, बल्कि पवन सिंह के फैंस भी अलग-अलग बातें करते हैं। अपने और खेसारी के कथित रिलेशनशिप की खबरों पर हाल ही में आकांक्षा पुरी ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि भोजपुरी सुपरस्टार उनके लिए बेहद खास हैं।

## लाइफ स्टाइल




मेंस फैशन में कैज़ुअल पहनावा अक्सर ट्रेंड करता रहता है। क्योंकि यह बहुत सरल है और इसे अपनी शैली में ढालना आसान है। जींस या चिनोज़ जैसे बुनियादी पहनावे से शुरुआत कर, आप रोज़मर्रा के लुक के लिए टी-शर्ट और स्नीकर्स पहन सकते हैं। दोस्तों के साथ घूमने या बारबेक्यू जैसे सबसे आरामदायक आयोजनों के लिए यह आदर्श ड्रेस कोड है।

## नेचुरल हेयर स्ट्रेटनिंग के लिए बेस्ट है एलोवेरा और अरंडी का तेल

अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ अधिकतर महिलाएं अपने बालों को भी सुन्दर, लम्बा और घना बनाने के लिए कई प्रयास करती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक हैं, तो आपके लिए ये टिप्स बेस्ट हो सकती हैं। ऐसे घरेलू उपाय का इस्तेमाल कर आप अपने बालों को स्ट्रेट और सिल्की बना सकती हैं। यही नहीं इस खास हेयर मास्क की मदद से आप सफ़ेद बालों को भी कम कर सकती हैं।

### बालों के लिए एलोवेरा और अरंडी का तेल

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि लम्बे, घने बालों के लिए महिलाएं कई उपाय आजमाती हैं, कुछ महिलाएं, तो बाजार के महंगे प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने बालों को स्ट्रेट और खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो अब आप घर पर इस खास एलोवेरा और अरंडी के तेल से बना हेयर मास्क तैयार कर सकती हैं। इससे आपके बाल खूबसूरत बनेंगे और नेचुरल हेयर स्ट्रेटनिंग भी होगी। यह आपके बालों के लिए एक खास उपाय हो सकता है, जिसे आजमा कर आप इन्हें मजबूत और खूबसूरत बना सकती हैं।

### अरंडी से हेयर मास्क बनाने का तरीका

अपने बालों को नेचुरली स्ट्रेट और खूबसूरत बनाने के लिए आप एलोवेरा और अरंडी से हेयर मास्क बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप एक कंटेनर में तजा एलोवेरा जेल निकाल लें, फिर उसमें थोड़ा अरंडी का तेल मिक्स कर दें। आप चाहें तो इस पेस्ट में नारियल का तेल भी मिक्स कर सकती हैं। अब आपका हेयर मास्क बनकर तैयार हो गया है। आप इसे अपने बालों पर लगाकर अपने बालों को खूबसूरत बना



सकती हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

इस हेयर मास्क से आपके बाल न सिर्फ स्ट्रेट दिखेंगे, बल्कि इससे बाल काले और मजबूत भी बन सकते हैं। आप इस हेयर मास्क का एक हफ्ते में केवल 2 बार इस्तेमाल कर सकती हैं। जरूरत से ज्यादा इसका इस्तेमाल करने से बालों को नुकसान पहुंच सकता है। इस हेयर मास्क को बालों पर लगाने से पहले आप अपने बालों को धो सकती हैं, उसके बाद इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। आपको इस हेयर मास्क को बालों में 25 से 30 मिनट के लिए लगाकर रखना है। किसी भी चीज को लगाने से पहले पैच टेस्ट करें।

## लेटेस्ट डिजाइंस सूट स्टाइल कर पा सकती हैं परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक



सूट कई खास मौकों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं। लेकिन, अगर आप मानसून सीजन में ट्रेडिशनल लुक चाहती हैं और भीड़ से अलग दिखना चाहती हैं, तो आप खास डिजाइन के सूट स्टाइल कर सकती हैं। मानसून सीजन में महिलाएं अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूज रहती हैं कि क्या पहनें।



ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में महिलाएं कुछ ऐसा आउटफिट स्टाइल करना चाहती हैं जिसमें वे स्टाइलिश भी दिखें और आरामदायक भी महसूस करें। अगर आप भी ऐसा ही कुछ चाहती हैं और एक परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक पाना चाहती हैं, तो खास डिजाइन के सूट स्टाइल्स आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। ये सूट न्यू, स्टाइलिश लुक के लिए बेस्ट हैं और इनमें आपका लुक ट्रेडिशनल नजर आएगा।

लेटेस्ट डिजाइन वाले सूट मानसून में परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा।

### वोवन डिजाइन कॉटन सूट

मानसून सीजन में स्टाइलिश और आरामदायक रहने के लिए आप इस तरह का वोवन डिजाइन वाला कॉटन सूट स्टाइल कर सकती हैं। जैसा कि तस्वीर में दिख रहा है, यह सूट वोवन डिजाइन और कॉटन फैब्रिक में है। साथ ही, यह राउंड नेक डिजाइन और 3/4 स्लीव्स में आता है। इस तरह का सूटमानसून सीजन में पहनने के लिए सबसे अच्छा है और इसमें आपका लुक सुंदर और सबसे अलग नजर आएगा। इस सूट के साथ अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप पर्ल इयररिंग्स और फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

### बीड्स एंड स्टोन वर्क सूट

अगर आप ट्रेडिशनल लुक चाहती हैं या किसी फैमिली फंक्शन में शामिल हो रही हैं, तो आप मानसून सीजन में इस तरह का सूट स्टाइल कर सकती हैं। इस सूट पर बीड्स और स्टोन वर्क किया गया है, और यह खूबसूरत और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेहतरीन है। आप इस तरह का सूट कई सारे कलर ऑप्शन में खरीद कर मॉनसून सीजन में स्टाइल कर सकती हैं।

### योक डिजाइन सूट

मानसून सीजन में सिंपल और सोबर लुक पाने के लिए आप योक डिजाइन वाले सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट योक डिजाइन है और इसमें आपका लुक एकदम ट्रेडिशनल और स्टाइलिश नजर आएगा।

## सावन महीने में पहनने बेस्ट हैं ये ज्वेलरी सेट



इस साल सावन के महीने में सोलह श्रृंगार कर अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो आप ग्रीन साड़ी के साथ इन खूबसूरत ज्वेलरी सेट को ट्राई कर सकती हैं। सावन के महीने में अगर आप ग्रीन कलर की साड़ी या कोई आउटफिट पहनने का सोच रही हैं, तो अपने लुक को खास और गॉर्जियस बनाने के लिए आप ग्रीन कलर की एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ग्रीन ज्वेलरी सेट बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप अपने सावन महीने को यादगार बना सकती हैं और गॉर्जियस लुक क्रिएट कर सकती हैं।

### गोल्ड प्लेटेड ग्रीन ज्वेलरी सेट

आप भी इस साल सावन के महीने में सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव की पूजा आराधना करने का सोच रही हैं और ऐसे में अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो आप ग्रीन साड़ी के साथ इस खूबसूरत गोल्ड प्लेटेड ग्रीन ज्वेलरी सेट को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के ज्वेलरी सेट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

### फ्लावर ग्रीन बैंगल्स

यही नहीं आप चाहें तो इस साल सावन सोमवार पर अपने लुक को खास बनाने के लिए अपने किसी भी आउटफिट या साड़ी के साथ नेकलेस शामिल कर इस खूबसूरत ग्रीन कलर के फ्लावर ग्रीन बैंगल्स शामिल कर सकती हैं। इस तरह के बैंगल्स आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगे। इस तरह के बैंगल्स न सिर्फ आपके लुक को खास बनाएंगे, बल्कि इसे पहनकर आप अपने हाथों की खूबसूरती को भी बढ़ा सकती हैं।

### एमरल्ड स्टोन नेकलेस सेट

इस साल सावन के महीने में अगर आप अपनी खूबसूरती से घर में मौजूद हर इंसान को खुश करना चाहती हैं, तो अब आप अपने साड़ी लुक के साथ इस खूबसूरत एमरल्ड स्टोन नेकलेस सेट को ट्राई कर सकती हैं। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। इस तरह के नेकलेस को पहनकर आप अपने लुक को खास बना सकती हैं ।

## पिंपल्स हो गए हैं तो स्किन केयर में कभी न करें ऐसी गलतियां, वरना बढ़ सकती है परेशानियां



अगर पिंपल्स प्रॉब्लम की वजह से आपकी स्किन भी खराब दिखने लगती है, तो ऐसे में आप कुछ गलतियों को करने से बचे, ताकि आपकी स्किन हेल्दी रहे। इसके लिए एक्सपर्ट राय लेना जरूरी है।

चेहरे पर पिंपल्स होना आम समस्या है, लेकिन कई बार इसमें किसी भी नई चीज को लगाने से स्किन पर पिंपल्स प्रॉब्लम और ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके लिए हम एक्सपर्ट राय के बिना चीजों का इस्तेमाल करते हैं। इसकी वजह से त्वचा पर पिंपल्स की मदद से दाग होने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप डॉक्टर स्वाति के बताई गई बातों का ध्यान रखें।

### चेहरे को ज्यादा न धोएं

अक्सर हम यह सोचकर चेहरे को साफ करते हैं कि ऑयल और गंदगी की वजह से त्वचा पर दोबारा पिंपल्स न निकल जाएं। लेकिन हर बार स्किन को ज्यादा साफ करने से चेहरे पर से नमी गायब हो जाती है। ऐसे में आप कोशिश करें कि चेहरे को कम से कम धोएं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे नमी कम नहीं होती है। साथ ही, चेहरे पर होने वाली पिंपल्स प्रॉब्लम कम छेड़ना है।

### क्रीम का इस्तेमाल

पिंपल्स वाली स्किन पर ऑयली या हेवी क्रीम लगाने से पोर्स ब्लॉक हो सकते हैं। इससे स्किन और चिपचिपी हो जाती है और पिंपल्स प्रॉब्लम और ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए कोशिश करें कि किसी भी प्रोडक्ट को लगाने से पहले एक्सपर्ट की राय जरूर लें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे स्किन पर होने वाले पिंपल्स को सही होने के लिए समय मिलेगा।

### हर दिन नए प्रोडक्ट

अक्सर ऐसा होता है कि स्किन प्रॉब्लम को देखते हुए हम अपने चेहरे पर किसी और चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके लिए एक्सपर्ट की राय नहीं लेते हैं। ऐसा करना बिल्कुल गलत है।

कार्नर न्यूज

### शॉपिंग करने का सही तरीका आपको यहां मिलेगा कुछ टिप्स के साथ

## मेंस फैशन में ड्रेस खरीदने से पहले सिर्फ बजट नहीं, क्वालिटी से लेकर सबकुछ परख लीजिए

कपड़ा खरीदने से पहले अधिकतर लोगों की नजर सिर्फ प्राइज पर जाती है। अगर वह ड्रेस उनकी बजट में है तो ठीक वरना वो नहीं खरीदते हैं। शायद आप भी ऐसा ही करते होंगे! मगर शॉपिंग करने का ये तरीका सही नहीं है। हमें कपड़े की कीमत से पहले कुछ अन्य जरूरी चीजों को जानना है।

क्योंकि, कपड़ा हम हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए खरीदते हैं न कि बीमार पड़ने के लिए। सोचिए अगर आपकी ड्रेस आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ने का काम करता है तो क्या आप उसे पहनना पसंद करेंगे? शायद ही कोई ऐसा हो जो ऐसे ड्रेस को पहनना या खरीदना पसंद करेगा।

मगर इस बात की जानकारी तभी होगी जब हम कपड़े को खरीदने से पहले जान लें। इसके लिए आपको बहुत अधिक समय नहीं देना है। ये सारी बातें मिनटों में पढ़कर समझ सकते हैं। इसलिए चलिए हम कपड़े को खरीदने से पहले चेक की जाने वाली जरूरी चीजों को जान लेते हैं-

हेल्दी लाइफस्टाइल जीने वाले कभी



भी क्वालिटी के साथ समझौता नहीं करते हैं। खासकर पहनने और खाने वाली चीजों के साथ भूलकर भी क्वालिटी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर आप क्वालिटी पसंद शख्स हैं तो फिर आज से एमआरपी से पहले क्वालिटी चेक करें।

### ड्रेस की क्वालिटी कैसे चेक करें?

स्टाइलिश-ट्रेंडी होने के साथ-साथ कपड़ा आरामदेह होना चाहिए। ऐसी ड्रेस खरीदें जो कि आपकी त्वचा को आराम पहुंचाने का काम करें। कई लोग दुकानदार के कहने पर कपड़े को खरीद लेते हैं जबकि, यह बात हमें कपड़े पर लगे टैग पर पढ़नी चाहिए। पहले कपड़े को लेकर छूकर देखें एक बार कपड़े को उल्टा करके फैब्रिक देखें कपड़े में कॉटन और अन्य फैब्रिक के मिश्रण को जानें

ड्रेस को एक बार पहनकर चेक करे।

किसी दुकान या मॉल से कपड़े को खरीदने से पहले उसे छूकर या ट्रायल के जरिए चेक कर सकते हैं। मगर ऑनलाइन खरीदते वक्त हमें ये सुविधा नहीं मिलती है। इसलिए हमें कुछ अन्य तरीके से इन बातों को जानना पड़ेगा-

### हाथ से या मशीन वॉश?

अगर कपड़े को जल्दी खराब होने से बचाना है तो उसको धोने के तरीकों के बारे में अच्छी तरह जानना होगा। कई लोग कपड़ा खरीदते वक्त इस बात को नहीं पढ़ते हैं। इसलिए हमें अपनी जरूरत को देखकर ही ड्रेस की खरीदारी करनी चाहिए।

सोचिए, अगर कोई ड्रेस केवल मशीन वॉश के लिए है और आपके पास वॉशिंग मशीन नहीं है। इसके अलावा आपको हाथों से कपड़े धोना पसंद नहीं है, मगर आपने जो कपड़ा खरीदा है उसको सिर्फ हैंड वॉश करना है। ऐसी दोनों परिस्थितियों से बचने के लिए उसको धोने का तरीका जानकर ही खरीदें।

इसके अलावा कई ऐसी ड्रेस होती हैं जिनको खास प्रकार के डिटर्जेंट से धोना होता है। हालांकि, ऐसी ड्रेस की संख्या कम है। फिर आप एक बार कपड़े को खरीदते वक्त वॉशिंग वाली बात अच्छी तरह पढ़ लें।

### एंटी बैक्टीरियल है या...

नए दौर में नई टेक्नोलॉजी की मदद से अलग-अलग प्रकार की मेडिकेटेड ड्रेस तैयार की जा रही हैं। अब हमें हमारे बजट में एंटी बैक्टीरियल है या एंटी वायरस ड्रेस मिल रहे हैं।

